इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 305 | राजनांदगांव, बुधवार 24 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

तृतीय : मां चन्द्रघंटा



## आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे, पीएम मोदी ने कहा, भारत जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति का गवाह बन रहा है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाने, करुणा और तकनीक मानव सशक्तीकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के 'माई गव इंडिया' अकाउंट पर भी इस योजना का जिक्र किया। इस योजना का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा गया कि शासन में सच्चा नेतृत्व भविष्य की जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने में निहित है।

## विकासशील को मुख्य सचिव बनाने की ताजपोशी शुरू

रायपुर। प्रदेश में नये मुख्य सचिव की तलाश अब समाप्त होने जा रही है। यहां पर चार अतिरिक्त मुख्य सचिव को सुपरसिड कर आईएएस विकासशील को मुख्य सचिव बनाने के लिए ताजपोशी शुरू हो गई है। यदि वे यहां आ जाते है तो उनकी पत्नी निधि छिब्बर को भी केंद्र से वापस बुलाना पड़ेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार विभागीय सचिव ने विकासशील को बतौर मुख्य सचिव के पद पर ज्वाइनिंग देने के लिए एक पत्र भेज दिया है जिनके अनुसार अब 29 सितंबर को आने की संभावना है। वर्तमान में एसीएस सुब्रत साहू रेणु पिल्ले, मनोज पिंगुआ एवं ऋचा शर्मा को सुपरसिड कर विकासशील को मुख्य सचिव बनाने से वरिष्ठ अधिकारियों में आश्चर्य व्याप्त है। ज्ञात रहे विकासशील साहब एशिया डेव्लपमेंट अध्यक्ष पद पर बतौर चेयरमैन सिंगापुर में कार्यरत है। इसके पहले वे जल जीवन मिशन में कार्यरत थे। जल जीवन मिशन में उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये थे। यह यूनेस्को की महत्वाकांक्षी योजना है।

# रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध की फंडिंग कर रहे भारत-चीन, संयुक्त राष्ट्र में ट्रंप का बड़ा आरोप

### सात महीनों में 7 बड़े युद्ध रुकवाए, ट्रंप ने फिर किया भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने का दावा

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भाषण दिया। यहां ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का श्रेय लिया। साथ ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और चीन पर बड़ा आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने टैरिफ, परमाणु हथियार, अवैध अप्रवासन समेत कई मुद्दों पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं।

### नाटो देशों की आलोचना की, रूस को दी धमकी

ट्रंप ने कहा कि नाटो देशों ने भी रूसी ऊर्जा और रूसी ऊर्जा उत्पादों पर ज्यादा रोक नहीं लगाई है। मुझे लगभग दो सप्ताह पहले यह पता



चला और मैं इससे खुश नहीं था। वे अपने ही खिलाफ युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। किसने इसके बारे में सुना है? अगर रूस युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने को तैयार नहीं होता तो अमेरिका उस पर कड़े टैरिफ़ लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेरा मानना है कि इससे रक्तपात बहुत जल्दी रुक जाएगा। इन टैरिफ्स के प्रभावी होने के लिए यूरोपीय देशों को हमारे साथ मिलकर ठीक यही उपाय अपनाने होंगे।

### ट्रप ने भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम का फिर लिया श्रेय

ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने सात महीने के प्रशासन में सात देशों में चल रहे अकल्पनीय युद्ध को समाप्त कराया। इनमें कंबोडिया-थाईलैंड, कोसोवो-सर्बिया, कांगो-रवांडा, भारत-पाकिस्तान, इस्राइल-ईरान, मिस्र और इथोपिया और आर्मेनिया-अजरबैजान शामिल हैं। यह बहुत बुरा है कि ये काम संयुक्त राष्ट्र के बजाय मुझे करने पड़े। दुख की बात है कि इन सभी मामलों में संयुक्त राष्ट्र ने इनमें से किसी में भी मदद करने की कोशिश नहीं की।

### लोग चाहते हैं मुझे नोबेल शांति पुरस्कार मिले: ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि हर कोई कहता है कि मुझे युद्ध विराम की उपलब्धियों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025: बेस्ट एक्टर बने शाहरुख-विक्रांत, रानी बेस्ट एक्ट्रेस, मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

नई दिल्ली। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक माना जाता है। भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से आयोजित किए जाने वाले इस पुरस्कार समारोह में हर साल भारतीय फिल्म कलाकारों को उनके अद्वितीय कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता है। आज यानी 23 सितंबर 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसके लिए शाहरुख खान, रानी मुखर्जी से लेकर मोहनलाल सहित कई बड़े सितारे अपना अवॉर्ड लेने दिल्ली पहुंचे।



### 1 अगस्त को नामों का ऐलान किया गया था

1 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड 2023 के नामों का ऐलान किया गया था, जिसमें शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, विक्रांत मैसी जैसे सितारों के नाम शामिल हैं। भव्य कार्यक्रम को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अवॉर्ड के लिए नामित सितारों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय कलाकारों को ये पुरस्कार प्रदान किया।

### मोहनलाल को मिला सबसे बड़ा सम्मान

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में जहां शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया, वहीं रानी मुखर्जी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्स से सम्मानित हुईं, लेकिन मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित किया गया। मोहनलाल को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में फिल्म उद्योग में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप, हॉल में मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर अभिनेता का उत्साहवर्धन किया। शाहरुख खान भी मोहनलाल के लिए तालियां बजाते नजर आए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एसीबी-ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई : सौम्या चौरसिया की 8 करोड़ की संपत्ति को किया कुर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ की एसीबी-ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित राज्य सेवा अफसर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया की करीब आठ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी है। यह कार्रवाई कोल घोटाले में जेल जा चुकी चौरसिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत की गई है।

### यह पहली बड़ी कुर्की कार्रवाई

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई यह पहली बड़ी कुर्की कार्रवाई है। विशेष न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण



अधिनियम रायपुर ने आदेश जारी कर सौम्या चौरसिया की 16 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। जांच में सामने आया है कि सौम्या चौरसिया ने अपने करीबी रिश्तेदारों सौरभ मोदी, अनुराग चौरसिया और अन्य के नाम पर लगभग 45 अचल संपत्तियां खरीदी थीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 47 करोड़ रुपये है। इनमें से 29 संपत्तियां (लगभग 39 करोड़ की) पहले ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्क की जा चुकी हैं। शेष 16 संपत्तियों को अब एसीबी-ईओडब्ल्यू ने अंतरिम कुर्की आदेश के तहत जब्त किया है। यह सभी संपत्तियां कोयला लेवी और अन्य भ्रष्ट स्रोतों से अर्जित धन से खरीदी गई थीं। अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों को देखते हुए 16 जून 2025 को कुर्की का आवेदन दाखिल किया गया था, जिस पर मंगलवार को फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायालय ने आदेश जारी कर दिया।

# सीएम साय ने करेली बड़ी से 51 महतारी सदनों का किया लोकार्पण, धमतरी जिले को दी 246 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय महतारी सदन लोकार्पण कार्यक्रम में 51 महतारी सदनों को मातृशक्ति को समर्पित किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धमतरी जिले को 245 करोड़ 80 लाख की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया.

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा के अलावा मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री टंकराम वर्मा अतिविशिष्ट अतिथि थे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रूप कुमारी चौधरी एवं भोजराज नाग के अलावा



विधायक अजय चन्द्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू मौजूद रहे. करेलीबड़ी धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र का गांव है. धमतरी जिले में महतारी सदन निर्माण योजना के अंतर्गत 4 महतारी सदनों का निर्माण क्रमशः ग्राम पंचायत भेंड्री, मेधा, खरेंगा और करेलीबड़ी में कराया गया है. यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने, सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है. महतारी सदन निर्माण की इस योजना के तहत प्रथम चरण में वर्ष 2024-25 अंतर्गत कुल 202 महतारी सदन के लिए कुल 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं. लगभग 2500 वर्गफीट में निर्मित होने वाले प्रत्येक महतारी सदन की लागत 24.70 लाख रुपए है, जिससे प्रत्येक महतारी सदन में एक हॉल, कमरा, किचन, स्टोर, दुकान, बाउड्रीवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा चीन, तिब्बती सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री का दावा?

नई दिल्ली। निर्वासित तिब्बती सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. लोबसांग सांगे ने चीन को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास भारतीय नेताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। वे यहां तक कि सरकार बदलने की साजिश भी कर रहे हैं।



तिब्बत के पूर्व प्रधानमंत्री ने चीन को लेकर अपने खुलासे में दावा किया है कि चीन हमेशा से ही प्रभावशाली लोगों को अपने साथ मिलाने की रणनीति को अपनाता रहा है। एनडीटीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने दावा किया कि चीन नेताओं, बुद्धिजीवियों, व्यापारियों, पत्रकारों और आजकल यूट्यूबर्स को भी खरीद रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि भारत को बीजिंग के राजनीतिक मंसूबों से सावधान रहना चाहिए। डॉ. सांगे ने नेपाल में मौजूदा अस्थिरता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि चीन भारत के पड़ोस में भी ऐसा कर रहा है। नेपाल में एक पार्टी खुले तौर पर चीन समर्थक है, तो दूसरी भारत समर्थक। श्रीलंका, बांग्लादेश और मालदीव में भी चीन ने प्रभावशाली लोगों को अपने साथ मिला लिया है। पाकिस्तान में सभी बड़ी पार्टियां चीन का समर्थन करती हैं। उन्होंने यूरोप के मंत्रियों के उदाहरण भी दिए, जिन्होंने पहले चीन की तारीफ की और बाद में चीनी कंपनियों में ऊंचे वेतन पर नौकरी पा ली।

डॉ. सांगे ने सभी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हम स्कूल प्रिंसिपल जैसे नहीं..: हाईकोर्ट जजों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी; कहा - कामकाज का मूल्यांकन जरूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को न्यायपालिका के कामकाज को लेकर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, कुछ हाईकोर्ट जजों का काम संतोषजनक नहीं है और उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन जरूरी है।



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने स्पष्ट किया कि, हम हाईकोर्ट के जजों के साथ स्कूल प्रिंसिपल जैसा व्यवहार नहीं करना चाहते, लेकिन हर जज को अपने काम का मैनेजमेंट खुद करना चाहिए। ताकि, फाइलों का ढेर न लगे।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि कई जज मेहनत और लगन से काम कर रहे हैं, लेकिन कुछ जज किसी वजह से केसों के निपटारे में पीछे हैं। कोर्ट ने इस स्थिति को चिंताजनक बताया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर की बेंच ने एक पुराने निर्णय का हवाला देते हुए कहा, कोई कोर्ट यदि केवल फैसले का ऑपरेटिव पार्ट सुनाता है तो उसे पांच दिन के भीतर कारण भी स्पष्ट करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट जब तक यह सीमा नहीं बदलता, हाईकोर्ट इसका पालन करें। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस सतीश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्रवाई, ईडी ने सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की 7.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है।



ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि सत्येंद्र कुमार जैन ने दिल्ली सरकार में मंत्री के रूप में पदस्थ और कार्यरत रहते हुए 14.02.2015 से 31.05.2017 की अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई ने 03.12.2018 को सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसके परिणामस्वरूप, ईडी ने 31.03.2022 को सत्येंद्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों से संबंधित 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया था। इसके बाद 27.07.2022 को अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की गई। न्यायालय ने 29.07.2022 को पीसी का संज्ञान लिया। ईडी द्वारा जांच के दौरान, यह भी पता चला है कि नवंबर 2016 में, विमुद्रीकरण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोलकाता में भारी बारिश का कहर, मेट्रो और रेल सेवाएं ठप; करंट लगने से पांच लोगों की मौत

नई दिल्ली। कोलकाता में सोमवार रात से हो रही भीषण बारिश ने भारी तबाही मचाया है। जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बारिश से जुड़ी अलग अलग घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हो गए। मेट्रो और ट्रेन सेवाएं बाधित हैं। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।



### गरिया और जोधपुर पार्क में रिकॉर्ड बारिश

कोलकाता नगर निगम के अनुसार गरिया कामदहारी इलाके में 332 मिमी रिकॉर्ड बारिश हुई है। इसी तरह जोधपुर पार्क में 285 मिमी बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण बारिश का दौर अभी थमने वाला नहीं है। बारिश के चलते कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर सेवाएं प्रभावित हैं। महानायक उत्तम कुमार से रवींद्र सरोबर स्टेशन के बीच जलभराव है, जिस कारण शहीद खुदीराम से मैदान स्टेशन तक सेवाएं पूरी तरह स्थगित कर दी गई हैं। पूर्वी रेलवे के अनुसार, सियालदह दक्षिण खंड की रेलगाड़ियाँ रोक दी गई हैं। सियालदह उत्तर और मुख्य खंड पर अस्थायी सेवाएं जारी हैं। इसी तरह चितपुर यार्ड में जलभराव के कारण सर्कुलर रेलवे लाइन बंद है। बारिश के कारण स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर सड़कों और रिहायशी इलाकों में भरे पानी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। दुर्गा पूजा से कुछ ही दिन पहले आई इस बारिश ने प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिन भारी बारिश की आशंका जताई है। बताया कि पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना, झारग्राम और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुख्य न्यायाधीश गवई बोले- बुलडोजर कार्रवाई पर दिए फैसले से मिली थी बेहद संतुष्टि

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने हाल ही में बताया कि है उन्हें बुलडोजर कार्रवाई पर दिए गए अपने फैसले से बेहद संतुष्टि मिली थी, क्योंकि यह सीधे-सीधे मानवीय समस्याओं से जुड़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की इस पीठ में न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन शामिल थे।



19 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के एक शैक्षणिक समूह द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि उन्हें लगभग छह महीने तक जस्टिस विश्वनाथन के साथ पीठ साझा करने का अवसर मिला। इस दौरान, खंडपीठ ने अभियुक्तों/दोषियों की संपत्तियों को मनमाने ढंग से ध्वस्त करने की कार्यपालिका की प्रवृत्ति के खिलाफ कई निर्देश पारित किए।

गवई ने कहा कि मुझे लगता है कि बुलडोजर वाला फैसला हम दोनों के लिए बेहद संतोषजनक था। इस फैसले के मूल में मानवीय समस्याएं और मनुष्यों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएं थीं। किसी परिवार को केवल इसलिए परेशान किया जा रहा था क्योंकि उसका कोई सदस्य अपराधी या कथित अपराधी था।

# 23 महीने बाद जेल से निकले आजम, अखिलेश यादव ने रिहाई पर जताई खुशी, भाजपा पर साधा निशाना

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां 23 माह बाद मंगलवार दोपहर सवा बारह बजे जिला कारागार से रिहा हुए। सोमवार शाम करीब छह बजे उनकी रिहाई का परवाना जिला कारागार पहुंचा था। जेल मैन्युल के अनुसार उन्हें देर शाम छोड़ा नहीं जा सकता था। इस वजह से मंगलवार सुबह 7 बजे से 8 बजे का वक्त रिहाई के लिए तय हुआ। हालांकि आजम खां जिला कारागार के बाहर दोपहर करीब सवा बारह बजे ही आ सके। उनके बाहर आते ही कड़ी सुरक्षा में उन्हें रामपुर के लिए रवाना कर दिया गया।



बता दें कि सोमवार शाम से ही आजम खां की रिहाई की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी की जिला इकाई के पदाधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। सोमवार देर रात आजम खां के दोनों पुत्र अदीब व अब्दुल्ला सीतापुर पहुंचे। जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव व पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने दोनों के रुकने की व्यवस्था की। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जिला इकाई सीतापुर, रामपुर व लखनऊ से समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व उनके समर्थक जिला कारागार के बाहर पहुंचने लगे। सबको उम्मीद थी कि सुबह सात बजे से आठ बजे के बीच उन्हें अपने चहेते नेता आजम खां को देखने का मौका मिलेगा।

सुबह सात बजे आजम खां के पुत्र अदीब जिला कारागार पहुंचे तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला। हालांकि वह जिला कारागार के भीतर जाने के कुछ देर बाद वापस लौट आए। पता चला कि रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट में आजम खां की ओर से छह हजार रुपये का जुर्माना भरे जाने के बाद ही आजम खां की रिहाई हो सकेगी। इसके बाद उनके समर्थकों के खेमे में मायूसी छा गई। हालांकि समर्थक जिला कारागार के गेट पर ही डटे रहे। समर्थकों की बढ़ती भीड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अग्रसेन जी के सिद्धांतों को बदलते दौर के अनुसार विस्तार देना होगा-भारूका

### स्वर्णिम वैवाहिकी दंपत्तियों, वरिष्ठजनों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

### भव्य शोभायात्रा के साथ अग्रसेन जयंती समारोह सम्पन्न





राजनांदगांव (दावा)। हमारे प्रणेता भगवान अग्रसेन जी ने अग्रवाल समाज को सहयोग एवं सहकार का संस्कार दिया। उनके द्वारा विकसित '' एक ईंट -एक रूपया'' का दृष्टांत आपसी सहयोग से सभी को सक्षम बनाने की परिकल्पना का व्यावहारिक तरीका है। परंतु बदले हुये युग की जरूरतों के अनुसार इस विचार को विस्तार देना होगा।

उक्त विचार कामठी महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री महेश रामरतन भारूका ने यहां अग्रसेन भवन में आयोजित श्री अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। विनोद पूर्ण प्रबोधन शैली में अपनी बात रखते हुए उन्होनें कहा कि अब 'एक लाख रूपया-एक ट्रक ईंट' की सहयोग वृत्ति को प्रोत्साहन देते हुए हम अपनी सामाजिक जरूरतों तथा लोक कल्याण के कार्यो को किसी पर निर्भर हुए बगैर अपनी स्वयं की क्षमता से कर सकते है। मुख्य अतिथि ने कहा कि राजनांदगांव का अर्थ संपदा सम्पन्न अग्रवाल समाज अपने पारिवारिक संख्या बल के सहयोग से इस वास्तविकता को धरातल पर उतारने में सक्षम है। औरों के लिये आप अनुकरणीय उदाहरण बनेगें ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

समारोह की अध्यक्षता कर रही नागपुर की प्रतिष्ठित समाजसेविका श्रीमती उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी के आदर्शो को अपनाते हुए हमारे समाज ने व्यवसाय, उद्योग, राजनीति, खेलकूद एवं चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों सफलता अर्जित कि है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा बड़ा योगदान है। उन्होनें कहा कि राजनांदगांव से मेरा पारिवारिक नाता है। यहां समाज की महिलायें अच्छा कार्य कर रही है।

अश्विन शुल्क एकम् 22 सितम्बर सोमवार को भगवान अग्रसेन जी की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह प्रारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुये अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि सक्षमता हमारा रक्त संस्कार है। इतिहास का उदाहरण देते हुए उन्होनें कहा कि देश के विभाजन के समय एक भू-भाग से अन्य लोगों की तरह ही विस्थापित हुए बहुत से अग्रवाल परिवारों ने कभी खुद को शरणार्थी के तौर पर दर्ज नही कराया बल्कि अपनी मेहनत से खुद को पुर्नस्थापित किया। साथ ही देश की प्रगति में योगदान दिया।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया ने कहा कि जयंती महोत्सव में पूरे सप्ताह भर शानदार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग के वातावरण में सभी ने इसका भरपूर आनंद लिया। समाज के लोगों की एकजुटता और सहयोग से यह संभव हुआ। अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह का प्रखरता से संचालन करते हुए संजय अग्रवाल ने शुरूआती टिप्पणी रखी कि अपनी उद्यमिता एवं कर्मठता की बदौलत अग्रवंश के माथे पर सफलता का श्री तिलक है।

समारोह में वैवाहिक जीवन की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दम्पत्तियों का सम्मान किया गया। इसी तरह सत्तर वर्ष की उम्र वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया । राजेन्द्र अग्रवाल एवं रमणीक अग्रवाल के संयोजन में मेद्यावी विद्यार्थियों को स्वर्ण रजत पदक से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं समारोह अध्यक्ष को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह समाज के पदाधिकारीयों द्वारा भेंट किया गया। सुसज्जित रथ पर विराजित श्री अग्रसेन जी की शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत के बीच शहर के प्रमुख मार्गो से होकर यह शोभायात्रा पुनः अग्रसेन भवन पहुंची। अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने शोभायात्रा में सभी के सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में आभार ज्ञापन अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने किया। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

## पहला कॉलम...

### हरिओम शर्मा प्रांतीय संयुक्त सचिव नियुक्त



खैरागढ़ (दावा)। प्रांत अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे द्वारा अपनी प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है, जिसमें खैरागढ़ में कार्यरत हरिओम शर्मा को प्रांतीय संयुक्त सचिव का दायित्व दिया है ज्ञात हो कि पूर्व में शर्मा ने छात्र संघ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें राजनांदगांव के दिग्विजय कॉलेज में छात्र संघ के नेता के रूप में जाना जाता है। नियुक्ति होने पर उन्होंने संघ के वरिष्ठजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया है नियुक्ति उपरांत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### मीडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जिले से दो पत्रकार आबू रवाना होंगे



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू रोड में 26 सितंबर से 30 सितंबर तक मीडिया का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें समाज में शांति एकता और विशवास को बढावा देने के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर चर्चा होगी। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज कान्फ्रेंस हॉल शांतिवन आबू रोड राजस्थान में होगा। इसमें पूरे भारत के प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हुए लगभग 1000 से अधिक मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय महासम्मेलन में सबेरा संकेत के छुरिया संवाददाता एवं प्रेस क्लब छुरिया के उपाध्यक्ष शिशुपाल साहू और छत्तीसगढ़ वाच के प्रतिनिधि रूपेन्द्र साहू शामिल होने 25 सितंबर को पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से रवाना होंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र के मीडिया प्रभारी ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई ने दी।


### राणाटोला जलाशय के नहरों का जीर्णोद्धार के लिए लगभग 2.38 करोड़ रूपए मंजूर

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले की जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 37 लाख 91 हजार रूपए की पुनरीक्षत प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आशय का पत्र मंत्रालय महानदी भवन स्थित जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार कार्यालय रायपुर को भेज दी गई है। गौरतलब है कि प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत योजना की रूपांकित सिंचाई 273 हेक्टेयर के विरूद्ध 120 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित कुल 282 हेक्टेयर रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

### गोपाल अग्रवाल का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। शहर के वरिष्ठ नागरिक व व्यवसायी गोपाल अग्रवाल (आलू वाले) 74 वर्ष की आयु में निधन मंगलवार की दोपहर 2 बजे नागपुर में हो गया। वे गणपत अग्रवाल के पिता एवं वरुण अग्रवाल के दादा थे। इनका अंतिम संस्कार हेतु अंतिम यात्रा आज 24 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान महावीर तालाब के सामने से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।







# छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ या प्रशासन की लापरवाही



**भाजपा सरकार पर बरसे सुरेन्द्र देवांगन**

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर विवादों के घेरे में है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के शहर अध्यक्ष सुरेन्द्र देवांगन ने प्रदेश की भाजपा सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि छात्राओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है और सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

कमला देवी महाविद्यालय में बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर बॉटनी का प्रश्न-पत्र इस विवाद की जड़ बना। कुल 349 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से केवल 118 छात्राएं पास हुई। जबकि 231 छात्राएं फेल हो गई। अधिकांश को सिर्फ 7 से 19 अंक मिले, जबकि अन्य विषयों में वही छात्राएं 70-80त्न अंक ला रही हैं। देवांगन का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर असफलता असंभव है। यह सीधे-सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और गड़बड़ी को दर्शाता है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सुरेन्द्र देवांगन ने कहा कि क्या यही भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार है? क्या यही मोदी और विष्णुदेव साय की सरकार का सुशासन है? शिक्षा विभाग और मंत्री आखिर कर क्या रहे हैं? यह छात्रों की असफलता नहीं बल्कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की असफलता है।

श्री देवांगन ने पूरे मामले की केंद्रीय विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसरों से जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कमला देवी महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अपनी मांगें स्पष्ट कर दी हैं बॉटनी प्रश्न-पत्र का पुनर्मूल्यांकन और री-जांच हो। यदि न्याय नहीं मिला तो प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने ने तीखे शब्दों में कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह नाकाम रही है। यह केवल छात्राओं का मामला नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलने वाला मुद्दा है।

# जीएसटी दरों में कमी से जनता को सीधा लाभ : योगेश खत्री

### कहा - मोदी सरकार का निर्णय जनहित और देश की प्रगति की दिशा में बड़ा कदम



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य योगेश खत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक फैसले के अंतर्गत रोज़मर्रा की ज़िंदगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामानों पर जीएसटी दरों में कमी की गई है। यह निर्णय 22 सितंबर से पूरे देश में लागू होगा। जिससे आम जनता को सीधे तौर पर राहत मिलेगी।

श्री खत्री ने आगे कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से ही गरीब, किसान, व्यापारी और आम उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिए काम करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह कदम सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास की भावना का जीवंत उदाहरण है। यह फैसला न केवल जनता का विश्वास मजबूत करेगा बल्कि देश की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में यह निर्णय आम आदमी के लिए राहत की सांस लेकर आया है। दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले सामान पर जीएसटी घटने से उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ कम होगा और बाजार में रौनक भी बढ़ेगी। इससे छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े कारोबारी वर्ग तक सभी को फायदा होगा। मोदी सरकार की मंशा स्पष्ट है कि जनता को सुविधा राहत और विकास देना। यही कारण है कि समय-समय पर ऐसे निर्णय लिए जाते हैं जो सीधे तौर पर आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए आगे कहा कि यह कदम समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करेगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।भाजपा सरकार की यही कार्यशैली उसे जनता का विश्वास दिलाती है। जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नीति बनाना और उसे धरातल पर उतारना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यही वजह है कि आज देश की जनता मोदी सरकार के फैसलों को भरोसे और उम्मीद की नज़र से देखती है।

# पदयात्रा दौरान हुई युवती की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत दुखद - ऋषि शास्त्री



**पीड़ित परिवार को मुआवजा और शासकीय नौकरी**

राजनांदगाव (दावा)। नवरात्र पर्व पर बम्लेश्वरी माता के दर्शन करने पैदल भिलाई से राजनांदगांव की ओर आ रही एक लगभग 22 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो जाने की खबर मिली है। मनकी गांव के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने इस घटना को दुखद बताते हुए प्रशासन से अनुरोध किया है कि वह यातायात की अव्यवस्था को दूर करे और रूट चार्ट सहित जिम्मेदारी तय करें। प्रशासन को यातायात की अव्यवस्था को दूर करने के लिए कदम उठाने चाहिए, जैसे कि बैरिकेटिंग, पेट्रोलिंग और ट्रैफिक स्पॉट पर स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था। प्रशासन को रूट चार्ट सार्वजनिक करना चाहिए और यात्रा के लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए, जैसे कि सुविधा जनक यात्रा के लिए स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल, लाइट जैसी मूलभूत सुविधा और अन्य के नाम सहित नंबर जारी करना। सरकार को मामले को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवार के परिजनों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए और एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान की जानी चाहिए।

# कोतवाली पुलिस ने गुम सोने की चैन व स्कूटी ढूंढकर आवेदकों के किया सुपुर्द



**गुम चीजें पाकर आवेदकों के चेहरे खिले, पुलिस का किया आभार ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गुम हुए एक महिला की सोने की चैन कीमत 2 लाख रुपए तथा एक युवक की गुम ज्यूपिटर स्कूटी को ढूंढ निकाला और उन प्रार्थी आवेदकों के हवाले किया है। दोनों आवेदकों को अपनी गुम चीजे सही सलामत मिलने पर कोतवाली पुलिस का आभार मानते हुए पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सिटी कोतवाली प्रभारी नंद कुमार गौतम ने बताया कि सोने की चैन गुम होने के संबंध में श्रीमती योगेश्वरी साहू पति अनेश कुमार साहू निवासी नंदई चौक वार्ड नं. 40 बसंतपुर ने 21 सितंबर को थाने में आवेदन प्रस्तुत कर बताई थी कि वह गत 19? सितंबर को त्रिपदा फैशन स्टोर जय स्तंभ चौक में कपड़ा खरीदने गई थी, जहां इसकी गले में पहने सोने की चैन कीमत 2 लाख रूपये गुम हो गई। ढूंढने पर नहीं पता चला। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस स्टॉफ भेजकर सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को चेक कर ढुंढवाया गया, जो कपड़ा चेजिंग रूम के पास उक्त सोने की चैन गिरकर नीचे बिछे मेट के अंदर मिलने पर आवेदिका को तलब कर सुरक्षार्थ उसके सुपुर्द किया गया।

### ज्यूपिटर टीवीएस स्कूटी हुई गुम

श्री गौतम ने बताया कि इसी तरह राजा पारख पिता ज्ञानचंद पारख उम्र 39 वर्ष निवासी सर्किट हाउस रोड़ अनुपम नगर थाने आकर सूचना दी कि आज से 3 माह पूर्व अपनी नीले रंग की टीव्हीएस जूपीटर स्कूटी क्रमांक सीजी-08/एयू-0318 राजनांदगांव शहर में कही खड़ी कर भूल गया। कहां पर खड़ी किया उसे याद नहीं है। जिस पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहो/स्थानों में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज चेक कर कलेक्ट्रेट परिसर के पास से ढूंढकर आवेदक को तलब कर सुरक्षित सुपूर्द किया गया। आवेदक आवेदिका के गुम सोने की चैन एवं स्कुटी मिल जाने से खुशी कर लहर दौड़ गई एवं उनके द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संदीप चौहान, आरक्षक प्रयंश सिंह, रंजित चौरसिया, प्रदीप जायसवाल, श्रीनिवास राव की सराहनीय भूमिका रही।

# बंद कर 400 यूनिट की छूट, ऑनलाइन बिल में लूट - कुसुम दुबे



**ऑफलाइन ऑनलाइन में या राशि अंतर चिंतनीय**

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी सदस्य कुसुम रूपेश दुबे ने विद्युत मंडल पर ऑन लाइन बिल पटाने पर जनता लूट का शिकार होने का आरोप लगाते हुए कही कि मुख्यमंत्री के स्वयं के विभाग में ऐसी अंधेरगर्दी है तभी प्रदेश में लूट, अपराध, नशाखोरी के साथ साथ सरकारी खरीदी में भ्रष्टाचार चरम पर है।

श्रीमती दुबे ने सबूत उजागर करते हुए कही कि सर्विस क्र 1006530583 में बिजली बिल मैनुअल एवं एसएमएस से 680/- है वहीं ऑन लाइन पटाने प्रयास करने पर यह बिल 810 दिखा रहा है इससे यह साबित होता है कि विद्युत विभाग अंधेरगर्दी के साए में है। ऑन लाइन सुविधा में जनता सिर्फ लुट का शिकार हो रही है । एक तो सरप्लस राज्य में बिजली की दर बढाकर भाजपा सरकार अन्याय कर रही है। क्योंकि वे अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ देना चाहती है।। कोयला उन्हीं का सोलर प्लेट उन्हीं का सरकार जनता को पूंजीपतियों के हाथों पीसने छोड़ दी है। अघोषित बिजली कटौती के साथ साथ हल्के फुल्के हवा में भी घंटों बिजली बंद आम बात हो गई है वर्तमान में छ ग की भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी 400 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को समाप्त कर बिजली का दर बढ़ा कर बिल भेजी है जो जनता को झटका एवं पूरे परिवार के साथ अन्यायकारी नीति का प्रमाण है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( वि./यां. ) खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**शुद्धिपत्र क्रमांक-01**

इस कार्यालय की निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 05/2025-26 दिनांक 22.08.2025 जिसके खुलने की तिथि 24.09.2025 नियत है, को अपरिहार्य कारणों से दिनांक 26.09.2025 को खोला जावेगा एवं निविदा के Annexure-D में उल्लेखित BEC-1 Rig में स्थान पर T.M.-1 Rig पढ़ा जावे।

अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

जी- 252603683/3

कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-7
690-5 260-8
राजधानी
2-6-0
456-5 170-8

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता बैठक में प्रभारी राजेन्द्र सोनी का हुआ भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। रविवार को आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संगठन विस्तार की दिशा में पार्टी की राज्यव्यापी मुहिम का हिस्सा थी जिसे छत्तीसगढ़ सह प्रभारी माननीय मुकेश अहलावत जी के मार्गदर्शन और प्रदेश अध्यक्ष माननीय गोपाल साहू जी के आदेशानुसार आयोजित किया गया। इसी क्रम में राजनांदगांव विधानसभा की बैठक रविवार 21 सितंबर 2025 को पूर्ण रेस्ट (हाउस महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल) के सामने दोपहर 3 बजे आयोजित बैठक में पार्टी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र सोनी का भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया और जोरदार नारों के बीच उनका अभिनंदन किया। बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। पुराना रेस्ट हाउस (महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने) पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले और आसपास के इलाकों से कार्यकर्ता पहुँचे। पूरे परिसर में आम आदमी पार्टी के झंडे, बैनर और पोस्टरों से सजावट की गई थी, जिससे माहौल पूरी तरह पार्टीमय हो गया। बैठक में विधानसभा स्तर पर संगठन को मज़बूत करने बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ बनाने और आने वाले समय में जनसंपर्क अभियान को तेज़ करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

सभा में संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र सोनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी राजनीति में पारदर्शिता ईमानदारी और जनता की भागीदारी की राजनीति करती है। हमारा लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं बल्कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है। इसके लिए हमें बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना होगा और हर वर्ग तक पार्टी की नीतियाँ पहुँचानी होंगी। उन्होंने कहा कि यह समय संघर्ष का है और कार्यकर्ताओं को मिलकर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आगे बढ़ना होगा।

बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आने वाले समय में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करेंगे। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि वे निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें आवाज़ देंगे।

# शराब सेवन व अनुशासनहीनता के कारण तीन प्रधान पाठक एवं एक सहायक शिक्षक निलंबित




राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले में पदस्थ तीन प्रधान पाठक एवं एक सहायक शिक्षक को पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता करने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीपारखुर्द में पदस्थ सहायक शिक्षक विश्वनाथ चंद्रवंशी को शराब का सेवन कर शाला आने, पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मातेखेड़ा में पदस्थ प्रधान पाठक श्रीमती गंगाराम नेताम को अध्यापन कार्य में रूचि नहीं लेने, छात्र-छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई एवं कुछ भी नहीं सिखाने, पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

इसी तरह छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला घोघरे में पदस्थ प्रधान पाठक अरूण कुमार मंडावी को शाला कार्य में अनियमित रहने, कर्तव्य अवधि में शराब सेवन करने व नशे में होने, पूर्व में निलंबित होने के बाद भी व्यवहार में कोई सुधार नहीं लाने, पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला तोतलभर्री में पदस्थ प्रधान पाठक शंकर लाल सलामे को शाला कार्य में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, शाला की कोई भी पंजी को संधारित नहीं करने, संस्था की साफ-सफाई का स्तर एवं छात्रों का शैक्षणिक स्तर संतोषप्रद नहीं होने, कर्तव्य अवधि में शराब का सेवन कर शाला आने, समझाईश के बाद भी अपने व्यवहार में कोई सुधार नहीं लाने, कारण बताओ नोटिस का प्रति उत्तर नहीं देने, पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# नवरात्रि सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए भोजन और नाश्ते के साथ विश्राम की भी सुविधा




## पीने के साफ पानी और प्राथमिक उपचार के भी प्रबंध

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के मौके पर डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए आने-जाने वाले पदयात्रियों की सुविधा के लिए पदयात्री मार्ग में अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक सेवा पंडाल लगाए गए है। सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए भोजन, नाश्ता, पेयजल, प्राथमिक उपचार और विश्राम के प्रबंध किए गए हैं। इन केन्द्रों में अस्थायी शौचालय भी बनाए गए हैं। पीने के साफ पानी की व्यवस्था की गई है। केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य कर्मचारी और मितानिनों की ड्यूटी लगायी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के पास प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए डस्टबीन सभी सेवा पंडालों में रखी गई है। सेवा पंडालों की निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे पदयात्री मार्ग के लिए एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था है। कमल साल्वेंट के अनिल मुंदड़ा, सुनील मुंदड़ा ने बताया पंडाल में भोजन, पानी व चिकित्सा की व्सवस्था की गई है।

**पदयात्री श्रद्धालुओं के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था**

# सेवा मैराथन दौड़ : दृष्टि बाधित संवर्ग में लूमन व अस्थि बाधित संवर्ग से नरेश प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग, जिला प्रशासन व नगर की सामाजिक संस्था समता जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान मे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत माननीय कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार, एवं श्री शिशु पाल खोबरागड़े निदेशक समता जन कल्याण समिति के कुशाल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशा मुक्त व स्वच्छ भारत अभियान की थीम पर सेवा मैराथन दौड़ का आयोजन नगर के हृदय स्थल गौरव पथ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 21 सितम्बर 2025 दिन रविवार को प्रातः 7.30 बजे नगर पालिक निगम राजनांदगांव के प्रथम नागरिक महापौर माननीय मधुसूदन यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, श्री अतुल विश्वकर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम, खेल अधिकारी व नगर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामई उपस्थिति में हरि झंडी दिखा कर किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या मे जिले सहित शहर के युवा, वृद्ध, बच्चों सहित दिव्यांग जन अस्थि बाधित दृष्टि बाधित, मूक बधिर एवं बौद्धिक मंदता वाले बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि इस संस्था अभिलाषा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान राजनांदगांव में लाभान्वित हो रहे बच्चों में से 32 दृष्टि व अस्थि बाधित बच्चों ने भाग ले कर दृष्टि और अस्थि बाधित संवर्ग में अपनी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिव्यांग जनों के मैराथन दौड़ के लिए हॉकी स्टेडियम के आंतरिक भाग में व्यवस्था रखी गई थी, दिव्यांग दृष्टि बाधित संवर्ग में अभिलाषा के लूमन विश्वकर्मा ने प्रथम, जीवन साहू द्वितीय, एवं तुलेश्वरी बांधे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार अस्थि बाधित संवर्ग में अभिलाषा से नरेश धुर्वे ने प्रथम, आकाश साहू द्वितीय व दिकेश मानिकपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजई प्रतिभागियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार, समता जन कल्याण समिति के निदेशक शिशुपाल खोबरागड़े, लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद राशि भेट कर पुरस्कृत किया गया अभिलाषा संस्था के विजई प्रतिभागियों को संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोदुन द्वार दोनों संवर्ग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को क्रमशः एक हज़ार, सात सौ, पांच सौ रुपए की राशि भेंट किया गया। सुअवसर पर संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोदून, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपेयी, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, सदस्य महेश खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, संतोष खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल, संजय श्रीश्रीमाल, अशोक कोटडिया, प्रकाश सांखला, मोना अग्रवाल, नियामत हुड्डा सहित प्राचार्य सह अधीक्षक श्रीमती वंदना तुरहाते, शिक्षक महेंद्र सिंह यादव, कुशाल चंद जंघेल, श्रीमती मालती श्रीवास्तव, श्रीमती आराधना थवाईत, नामी सिंह ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# अग्रहरि समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ अग्रसेन जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। श्री महाराजा अग्रसेन जी के वंशज अग्रहरि वैश्य समाज राजनांदगांव द्वारा स्थानीय अग्रहरि भवन में हर्ष उल्लास के साथ महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती मनाई गई। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता राजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा भजनों से हुई तत्पश्चात महाराजा श्रीअग्रसेन जी एवं मां दुर्गा जी की पूजा एवं आरती की गई समाज के संरक्षक रामकिशोर द्वारा देवी जस प्रस्तुत किया।इसके बाद फलाहारी एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षण गण श्री श्याम चरण, राजेश कुमार, रमेश कुमार, रामकिशोर, गौरी शंकर, मनोज कुमार, नवीन इनके अलावा पदाधिकारी में राकेश कुमार, संजय कुमार, प्रवीण, अशोक कुमार, शैलेंद्र कुमार, घनश्याम, राधेश्याम, दीपक, प्रज्वल, रज्जन, श्रीकांत, योगेश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, अमित, अरविंद, कैलाश के अलावा कई वरिष्ठ सदस्य, महिला मंडल की सचिव अलका अग्रहरि के साथ महिला संगठन के सदस्य, युवा संगठन के अध्यक्ष डॉ सुबोध अग्रहरि के साथ उनके पूरे कार्यकर्ताओं और बच्चों ने ने कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

# कलेक्टर ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के दृष्टिगत पदयात्री मार्ग एवं प्रत्येक सेवा पंडालों का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के दृष्टिगत पदयात्री मार्ग एवं प्रत्येक सेवा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए आस्था का केन्द्र है और दूर-दराज से यहां श्रद्धालु पदयात्रा कर पहुंचते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करने के लिए कहा। सेवा पंडालों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहे, ताकि पदयात्रियों को किसी तरह की तकलीफ नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि क्वांर नवरात्रि में अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत सहित चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य, विश्राम, चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं जाकर श्रद्धालुओं से बात की एवं उनसे व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय करते हुए कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम आवश्यक दवाई एवं मेडिकल स्टॉफ के साथ तैनात रहे। उन्होंने आवश्यकता अनुसार मार्ग में बैरिकेटिंग लगाने कहा। पदयात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए समुचित कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम श्री गौतम चंद पाटिल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

- पदयात्रियों को नहीं होनी चाहिए तकलीफ
- सेवा पंडालों में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश
- सेवा पंडालों में पेयजल, साफ-सफाई, लाईटिंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में नये शैक्षणिक सत्र में प्रवेश हेतु विशेष योजना शुरू




राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एडमिशन प्रक्रिया में एक विशेष योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, जो अभिभावक 30 नवंबर तक एडमिशन फॉर्म भरकर 5000 रुपये का भुगतान करते हैं, उनके बच्चे को अगले सत्र के लिए निशुल्क पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। यह राशि गैर-वापसी योग्य और गैर-स्थानांतरणीय होगी। अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि योजना की विशेषताएं एडमिशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है, भुगतान राशि 5000 रुपये (सत्र के कुल फीस में शामिल) है। लाभ अगले सत्र के लिए निःशुल्क पुस्तकें मिलेगी।

अभिभावकों ने इस योजना की सराहना की है, जो छात्रों को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करेगी और उन्हें शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी। स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी. सिंह ने बताया कि यह योजना छात्रों के हित में है और उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भी उल्लेखनीय है कि यदि अभिभावक भविष्य में कोई अन्य छूट लेना चाहते हैं, तो यह राशि उसमें समाहित कर दी जाएगी। यदि पालकगण कोई दूसरी छूट नहीं लेते हैं, तो उनकी सत्र की फीस में यह 5000 रु कम हो जायेंगे। इस अवसर पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट की ओर से डॉ. सविता जेबी सिंह (अध्यक्ष), अशोक चौधरी (उपाध्यक्ष), संजय बहादुर सिंह (निदेशक), सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, सोनल अंजोरियों, इंद्र कुमार वैष्णव (बर्सर) और अभिषेक खंडेलवाल (अकादमिक निदेशक) ने भी इस योजना की सराहना की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुजराती राष्ट्रीय उच्च. माध्य. अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुआ नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य परीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। शहर की गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयुष होम्योपैथिक औषधालय की डॉ. प्रीति बोरकर ने स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के अंतर्गत किशोरावस्था के दौरान मासिक चक्र में होने वाली समस्या से अवगत कराया। मासिक चक्र के दौरान होने वाली तकलीफ का उपचार कर निःशुल्क औषधि वितरण कराया गया, साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार, हरी सब्जियां, पालक, गाजर, चुकंदर प्रतिदिन खाने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने की सलाह दी। शाला की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन व समस्या पर प्रकाश डाला। वह भविष्य में ऐसे आयोजन कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आश्वासन दिया एवं प्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शाला की शिक्षिका वंदना सोनकर ने किया। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण ने कार्यक्रम की सराहना की।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विविध आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में शहर में साफ सफाई के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसके तहत आज निगम सीमाक्षेत्र के स्कूल एवं कालेज में विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने जानकारी देकर, उनके लिये विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने बढ चढ कर हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा में शासन द्वारा निर्धारित गतिविधिया संचालित करने के लिये आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

आज शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव थीम पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे विद्यार्थियों ने स्वच्छता अपनाने व उसके लाभ संबंधी सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किये। इसी प्रकार स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये स्वच्छता संबंधित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें निबंध व चित्रकला प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफ सफाई रखने, गिला व सुखा कचरा पृथक पृथक करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने तथा स्वच्छता से लोगो को जोडने शपथ ली गयी। इसी कडी में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूलों एवं कालेजो में विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण भी किया। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुडने एवं स्वच्छता अपनाने अपील की जा रही है।

**स्कूल एवं कालेज में स्वच्छता संबंधित, निबंध, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में**
**○ विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से भाग**

# 'माँ के नाम एक पेड़-अटल विचारों संग पर्यावरण का संकल्प'

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा उत्तर मण्डल ने वर्धमान नगर अटल परिसर में किया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल द्वारा आज वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश बघेल, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, एमआईसी चेयरमैन सावन वर्मा, सुनील साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष द्वय सज्जन सिंह ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवीर वाधवा एवं नगर निगम पार्षदगण, डॉ. संदीप भट्टाचार्य, राजेंद्र जैन (बंटू), श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती डॉ. तेजमाला देशमुख, श्रीमती सरिता उइके, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रेमा सोनकर, पंकज कुंजरेकर, आशु डहरिया, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, मण्डल पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अनेक पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा पूरे देश में समाज सेवा और जनहित के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। वृक्षारोपण जैसे कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प हैं, बल्कि यह 'सेवा ही संगठन' की भावना का सशक्त उदाहरण भी है। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया जी ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि-'वृक्षारोपण केवल पर्यावरण बचाने का संकल्प ही नहीं, बल्कि यह माँ की ममता और धरती के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। सेवा पखवाड़ा हमें यह संदेश देता है कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग की सेवा और राष्ट्रहित में सदैव अग्रसर रहे। भाजपा परिवार इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का कार्य निरंतर करता रहेगा।'

# कन्याओं द्वारा पदयात्री सेवा पंडाल उद्घाटित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सेवा प्रकल्प के तहत माँ बम्लेश्वरी तीर्थ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा ही उद्देश्य की भावना लेकर माँ बमलेश्वरी संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वरधाम का उद्घाटन कन्याओं, अतिथियों प्रेमचंद जी बाफना, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, समाजसेवी हेमंत तिवारी पूर्व अध्यक्ष आस्था मुकबधिर सेवा संस्था, सोहन लाल गुप्ता, रामावतार जोशी संरक्षक, अधिवक्ता समाजसेवी अमलेन्दु हाजरा, शैलेन्द्र तिवारी द्वारा माँ नवदुर्गे, माँ बम्लेश्वरी देवी श्री बागेश्वर धाम शिव की पूजा कर महाआरती के पश्चात पदयात्री सेवा हेतु आरंभ किया गया।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राकेश ठाकुर शनिधाम, राजेश शर्मा पूर्व सैनिक द्वारा बताया गया कि आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता, सचिव महेश शर्मा सह सचिव सौरभ गुप्ता तथा अन्य सेवा पदाधिकारियों द्वारा पदयात्री सेवा हेतु आवश्यक तैयारियाँ कर ली गई तत्पश्चात माता के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों हेतु बागेश्वर धाम उत्सव भवन में सेवा हेतु भवन आरंभ किया गया. जिसमें महिला प्रतिनिधियों सेविकाओं संयोजक मधु खंडेलवाल स्वागत अध्यक्ष, प्रज्ञा गुप्ता, मोना गोसाई, लक्ष्मी देवी गुप्ता, कांति मौर्य, वंदना गुप्ता, अनिता पाल, यशोदा गुप्ता के द्वारा भी सेवा व उदघाटन हेतु आवश्यक तैयारियाँ की गई।

माता नवदुर्गे, भगवान भोलेनाथ की कृपा से उद्घाटन महाआरती के पश्चात ही बागेश्वर धाम में पदयात्रियों का आगमन होने लगा तथा नवरात्र के प्रथम दिवस से ही विश्राम हेतु द्वितीय दिवस प्रातः से ही पदयात्रियों का मेला जैसा लगा है। उनके विश्राम, स्नान, मोबाईल चार्जिंग, प्रसादी, चिकित्सा हेतु आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण संस्था के द्वारा कपड़ो के थैलो का वितरण भी पदयात्रियों द्वारा श्री बागेश्वर धाम संयुक्त सेवा स्थल में किया जा रहा है। प्रतिदिन संस्था 7 बजे माता दुर्गा बम्लेश्वरी जी की महाआरती भी सेवा भवन में की जा रही है। सेवा पंडाल में पदयात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत,गौ सेवा रक्षण संदेश, राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरण, स्वदेशी अपनाने, नशा मुक्ति अभियान आदि का संदेश भी जनजागरण हेतु पंडाल में दिये जायेंगे।

माँ बम्लेश्वरी देवी बागेश्वर धाम संयुक्त सेवा पंडाल में आयोजन समिति द्वारा इस पुनीत धर्मार्थ पदयात्री सेवा आयोजन में पदयात्रियों के सेवा हेतु बागेश्वर मंदिर में उपस्थित होकर सेवा कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने का आग्रह किया गया है. ओके जानकारी बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता विकास गुप्ता द्वारा दी गई।

**पदयात्रियों का मेला बागेश्वरधाम में, कपड़े के थैलों का वितरण भी**

## अनमोल दावा

**"बिना कठिनाई के सफलता का स्वाद नहीं चखा जा सकता।"**

# संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी आयुर्वेद, आधुनिक जीवनशैली में और अधिक बढ़ गई आवश्यकता

लोगों और विशेषकर युवाओं को यह समझना होगा कि मानव स्वास्थ्य की वास्तविक कुंजी आयुर्वेद में निहित है और आत्मा इंद्रियों एवं मन की प्रसन्नता आयुर्वेद से ही संभव है। आयुर्वेद शरीर मन और चेतना में संतुलन बनाए रखने का काम करता है और आज की आधुनिक जीवनशैली में इसकी आवश्यकता कहीं अधिक बढ़ गई है। इस आवश्यकता की पूर्ति ही आयुर्वेद दिवस को सार्थक करेगी।

अथर्ववेद में वर्णित आयुर्वेद वह विज्ञान है, जो आयु अर्थात जीवन का ज्ञान देता है। हर वह व्यक्ति जो स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना करता है, उसे आयुर्वेद को जानना एवं अपनाना चाहिए, क्योंकि आयुर्वेद न केवल मनुष्य को निरोग रखने पर बल देता है, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का संदेश देता है।

आयुर्वेद इसलिए विशिष्ट है, क्योंकि यह शरीर की व्याधियां दूर करने के साथ मन के दोषों का भी निदान करता है। इसीलिए योग और ध्यान भी आयुर्वेद के अंग हैं। मान्यता है कि आयुर्वेद को स्वयं ब्रह्मा जी से भगवान धन्वंतरी और उनके उपरांत विभिन्न ऋषियों एवं महर्षियों जैसे सुश्रुत, चरक आदि द्वारा जनकल्याण हेतु प्रतिपादित किया गया। इसके उद्देश्य को यह श्लोक प्रकट करता है-

अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा रोगी के रोग का प्रशमन करना ही आयुर्वेद का प्रयोजन है। संपूर्ण ब्रह्मांड पंचमहाभूत अर्थात आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी से बना है। इसी सिद्धांत पर आयुर्वेद आधारित है। आयुर्वेद की मान्यता है कि बह्मांड हो या सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव, सभी का मूल एक ही है। यही पंचमहाभूत शरीर में दोष, धातु एवं मल के रूप में विद्यमान रहते हैं। आयुर्वेद के अनुसार शरीर में तीन दोष वात, पित्त, कफ माने गए हैं। इन दोषों की समवस्था ही मनुष्य में स्वास्थ्य को परिभाषित करती है।

जहां अधिकांश चिकित्सा पद्धतियां विशेषकर पश्चिमी चिकित्सा पद्धतियां मात्र मनुष्य के भौतिक शरीर के रोगों को ठीक करने पर केंद्रित हैं, वहीं आयुर्वेद जीवन के सभी क्षेत्रों में मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इसीलिए उसे संपूर्ण चिकित्सा पद्धति कहा गया है। दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग, आहार आदि मूलभूत जीवनशैली द्वारा एवं प्रकृति से प्राप्त हानिरहित फल-फूल, जड़ी-बूटी, खनिजों इत्यादि द्वारा चिकित्सा का प्रविधान आयुर्वेद में ही मिलता है।

आयुर्वेद हमें सिखाता है कि कैसे जीवन में अप्राप्त की प्राप्ति की जाए, प्राप्त का रक्षण किया जाए, रक्षित की वृद्धि की जाए एवं जो वर्जित है, उसका त्याग किया जाए। यही स्वस्थ एवं सुखी जीवन का मूलमंत्र है। भारतवर्ष में प्रारंभ से ही आयुर्वेद हमारी संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा, पर कालांतर में आक्रांताओं द्वारा भारतीय संस्कृति को नष्ट करने की प्रवृत्ति एवं दासता की मानसिकता के चलते आयुर्वेद का क्षरण हुआ। इसके उपरांत अंग्रेजी सत्ता में आयुर्वेद को समाप्त करने का प्रयास किया गया और आयुर्वेद को निष्प्रभावी बताकर पश्चिमी चिकित्सा को ही महत्व दिया गया।

आयुर्वेद को श्रीहीन करने के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों, वैद्यों को झोलाछाप अर्थात नकली डाक्टर कहा गया। कोविड महामारी के समय आयुर्वेदिक औषधियां कोरोना वायरस के प्रभाव को समाप्त करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुईं। इस कारण आयुर्वेद के प्रति पुनः विश्वास एवं रुचि जाग्रत हुई। वर्तमान में भारत सरकार एवं उसकी संस्थाओं द्वारा आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं शुरू करने के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधाएं बढ़ाने के जो प्रयत्न किए जा रहे हैं उनसे भी आयुर्वेद का प्रभाव और उसके प्रति भरोसा बढ़ रहा है।

आयुर्वेद प्रकृति पर आधारित विज्ञान है। इस कारण प्रकृति का संरक्षण ही आयुर्वेद का संरक्षण है। यह हम सबकी चिंता का विषय बनना चाहिए कि आयुर्वेदिक औषधियों में उपयोग होने वाली वनस्पतियां, खनिज आदि दुर्लभ होते जा रहे हैं या फिर उनकी उपलब्धता कम हो रही है। इन्हें संरक्षित करना आयुर्वेद के लिए एक बड़ी चुनौती है। वन संरक्षकों एवं किसानों को औषधि के रूप में प्रयोग होने वाली वनस्पतियों, पौधों, वृक्षों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

इसका लाभ केवल आयुर्वेद को ही नहीं, ग्रामीणों और विशेष रूप से किसानों को भी होगा। आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता स्थापित करने के लिए मानक नियमों का पालन भी समय की मांग है। आयुर्वेद की विश्वसनीयता में वृद्धि के लिए यह भी अनिवार्य है कि आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक शोध को प्राथमिकता दी जाए। यह कार्य आयुर्वेद से जुड़े संस्थानों को विशेष रूप से करना होगा। यह प्राथमिकता के आधार पर किया भी जाना चाहिए, क्योंकि मानव को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करने वाला विज्ञान यही है। भारत सरकार को इस पर भी ध्यान देना होगा कि आयुर्वेद की महत्ता विश्व स्तर पर कैसे स्थापित हो।

आयुर्वेद के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए युवाओं में इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की भी आवश्यकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति विज्ञानसम्मत पद्धति है। अभी अपने देश में जनसंख्या के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में आयुर्वेद चिकित्सक नहीं हैं। लोगों और विशेषकर युवाओं को यह समझना होगा कि मानव स्वास्थ्य की वास्तविक कुंजी आयुर्वेद में निहित है और आत्मा, इंद्रियों एवं मन की प्रसन्नता आयुर्वेद से ही संभव है। आयुर्वेद शरीर, मन और चेतना में संतुलन बनाए रखने का काम करता है और आज की आधुनिक जीवनशैली में इसकी आवश्यकता कहीं अधिक बढ़ गई है। इस आवश्यकता की पूर्ति ही आयुर्वेद दिवस को सार्थक करेगी।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर



- ललित गर्ग -

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीजा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीजा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीजा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में




अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी जरूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीजा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीजा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीजा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-'स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती।' अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट, 25 आई.पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92, मो. 9811051133

## विचार सरिता

# पत्र : हे नारी! आपके कार्य वंदनीय हैं, आपको यथोचित सम्मान मिले, समाज कर्मप्रधान बने

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



नारी शक्ति! आपका वंदन अभिनंदन है। आपकी भूमिका घर परिवार से लेकर घर से बाहर कार्यस्थल में, सेना, अंतरिक्ष अभियानों से लेकर जीवन के हरेक क्षेत्र में महत्वपूर्ण हो गई है। एक समय वह भी था जब आपको केवल घर की चहारदीवारी तक सीमित माना जाता था। यह अलग बात है कि उस दौर में भी अनेक नारियों ने घर की चहारदीवारी से बाहर सार्वजनिक जीवन में भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर अपनी योग्यता और क्षमता का परिचय दिया था। वेद मंत्रों और ऋचाओं की रचना से लेकर रानी के रूप में शासन करने और सेना में अपनी भूमिका निभाने तक के अनेक उदाहरण प्राचीन भारतीय इतिहास में उपलब्ध होते हैं।

प्राकृतिक रूप से सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने के लिए मातृत्व, संतति तथा पालन पोषण के दायित्व ऐसे कठिनाई भरे हैं, जिनकी पुरुष कल्पना भी नहीं कर सकता है। संतान को जन्म देने के समय माता को होने वाली पीड़ा उसके त्याग और सहनशीलता की पराकाष्ठा है। यही नहीं, रसोईघर की पूरी जिम्मेदारी संभालते हुए आप पूरे परिवार को भोजन उपलब्ध कराती हैं। घर को व्यवस्थित रखने और सँवारने में आपकी ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब घर में कोई चीज नहीं मिलती है, तो लोग आपसे ही पूछते हैं।

कुल मिलाकर आप गृह स्वामिनी का दायित्व निभाती हैं। अवसर मिलने पर आप घर से बाहर कार्यस्थल में भी समान कुशलता से कार्य करती हैं। घर और कार्यस्थल दोनों का दायित्व आप समान कुशलता से निभाती हैं। आप जब अपने कार्यस्थल से दिन भर कड़ा परिश्रम कर शाम को घर लौटती हैं तो फिर घर का पारंपरिक कार्य भी संभाल लेती हैं।

हे नारी! पहले लोग यह कहते थे कि नारी हो, यह नहीं कर पाओगी। आज आपने यह सिद्ध किया है कि नारी हूँ, क्या नहीं कर पाऊँगी। आपने यह सिद्ध किया है कि आप कुछ पुरुषों की दृष्टि में केवल सौंदर्य के समाजशास्त्रीय प्रतिमानों के लिए नहीं बनी हैं।

उनकी इस धारणा को झुठलाकर आपने श्रम वीरांगना और बुद्धिचातुर्य की मलिका होना सिद्ध किया है। आपको अब और कुछ सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। आप स्वयंसिद्धा ही हैं।

आप पर होने वाले अत्याचार की खबर से मन दुःखी और आक्रोशित हो उठता है। यौन हिंसा की घटनाएँ समाज पर बदनुमा दाग हैं। आज भी समाज के अनेक कुत्सित लोगों को ऐसा कठोर दंड देने की जरूरत है, ताकि फिर कोई अप्रिय घटना न हो।

हर कहीं आपकी भागीदारी बढ़ रही है। अब समाज पुरुष प्रधान नहीं, कर्म प्रधान बन रहा है। आपने अपने कर्मों से स्वयं को शीर्ष स्थान प्राप्त कराया है। आपको पुनः प्रणाम एवं अभिनंदन।


आपका एक देशवासी , नागरिक

## शब्द सामर्थ्य -179

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 178 का हल**



## सू- दोकू क्र.179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.178 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## तुक्तक कथा

# मन को नियंत्रित रखो!

शास्त्री चौक पर रखी गई,
भव्य दुर्गा मां की मूर्ति के पंडाल में आकर
भक्तिभाव से हाथ जोड़कर
परसराम ने मन ही मन प्रार्थना की -
हे मां ! आपने सदा हमें अच्छी सीख दी।
आज आपसे यही विनम्र आग्रह है देवी मां!
कि आप हमार मन में, जब तब उठते
लालच के भाव को दूर करें।
अनेक तरह की विपत्तियां आती है माँ !
लालच को हमारे मन से हरें।
शक्ति की देवी दुर्गा मां
मंद-मंद मुस्कराई।
अपने और करीब बुलाई।
मधुर स्वर में बोलो - हे वत्स परसराम!
माया है, लालच का दूसरा नाम।
और माया क्या है -
शक्ति का दुरूपयोग माया है।
और शक्ति का सदुपयोग माया से मुक्ति है।
माया को सरलता से समझना है तो आओ,
'जादू' शब्द से जुड़ जाओ !
जादू का अर्थ है - जो होता है, वह दिखता नहीं।
जो दिखता है, वह होता नहीं।
माया भी हमारे आसपास
ऐसा ही संसार रच देती है
और हमारा विवेक बुद्धि को हर लेती है।
फिर मन, माया के वशीभूत हो
इधर-उधर भटकने लगता है।
सत्कार्य से उसे अरूचि हो जाती है
और वह बुरे कार्य करने लगता है।
इसलिए हे परसराम!
मन को नियंत्रित रखो !
मन को सदा वर्तमान में,
सजग और जागृत रखो।
योग और ध्यान करो।



गिरीश बक्शी

## कविता : शिकायत

मेरा रुठना याद है तुम्हें
पर तुमने कभी मनाया भी नहीं
ये याद ही नहीं तुम्हें।
मेरा जाना याद है तुम्हें
पर तुमने कभी पूछा ही नहीं मेरा जाना
ये याद ही नहीं तुम्हें।
मेरा गुस्सा याद है तुम्हें
पर गुस्से का कारण
जाना ही नहीं तुमने।
रिश्ते निभाने की लाख कोशिश की
वो याद ही नहीं तुम्हें।
तुम्हारा वक्त न देना तुम्हें याद नहीं।
तुमको मुझे भूलना याद नहीं
और मेरा नासमझना याद है तुम्हें।
तेरा आगे अकेला बढ़ना तुम्हें याद नहीं
और मेरा इंतजार करना तुम भूल गये।
मेरा सवाल करना तुम्हें याद है पर
तुम्हारा जवाब तुम्हें याद ही नहीं।
मैं तुम्हारे लिए कुछ भी
नहीं ये तुम्हें याद है
पर तुम मेरे सबकुछ हो
ये तुम्हें याद ही नहीं।



**रुचि श्रीवास्तव**
**सनसिटी**

## बाल गीत


# नारियों के सम्मान का पर्व नवरात्रि

आदि शक्ति माँ भगवती, शत-शत तूझे प्रणाम है।
तू ही मुक्ति, तू ही भक्ति, और, तू रक्षा का धाम है।
तू जग-जननी, तू जन-कल्याणी, तेरा दुर्गा नाम है।
भक्तों के तुम पालक, आशीष देना तेरा काम है।
तू दयामयी, तू वात्सल्यमयी, तू ममता की छांव है।
तुम कृपा के सागर हो, चारो धाम ही तेरा पाँव है।
हे महिषमर्दिनी, हे वज्रधारिणी, तू ही पुरनकाम है।
तुम ही सुर-नर की रक्षक, माँ तुमसे जग महान है।
माँ की सेवा होती है तो, माँ तेरी पूजा हो जाती है।
माँ की खुशियों में ही माँ, तू भी खुश हो जाती है।
नारी शक्ति की प्रतिष्ठा से, तेरी सेवा पूरी होती है।
नवदिन नवरात्र में यही, साधना जरूरी होती है।
जहाँ नारी का होता सम्मान, वही होता उत्थान है।
जहाँ नारी की पूजा होती, वही देवों का ध्यान है।
बेटियों के मान-प्रतिष्ठा का, पर्याय भी नवरात्रि है।
बेटी के अभिमान व रक्षा का, पर्याय भी नवरात्रि है
ये नारियों के प्रतिष्ठापन का, पर्व होता नवरात्रि है।
ये नारियों के स्थापन का भी पर्व होता नवरात्रि है।




अशोक पटेल 'आशु'


## राशिफल



**मेष** — भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ेगी। निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ख्याल रखें।




**वृष राशि** — विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्ति में आलस्य न करें। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।




**मिथुन** — मिथुन : अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रोजगार में लाभकारी स्थिति प्रसन्न रखेगी।



**कर्क** — अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। अच्छी आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी।




**सिंह** — नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आवेश में लिये गये निर्णय से कष्ट संभव। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।



**कन्या** — किसी नये कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बढ़ेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।



**तुला** — पारिवारिक चिंताओं से मन परेशान होगा। घरेलू कार्यों में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाऐगी। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।



**वृश्चिक** — पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रय प्रतिशत तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। रोजगार क्षेत्र में परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा।



**धनु** — उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रय प्रतिशत करें। मन अच्छी कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। निर्थक दूसरों की आलोचना न करें। कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी।



**मकर** — अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सन्निध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें। विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



**कुंभ** — कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। राजनीतिज्ञों के लिए समय अनुकूल होगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।



**मीन** — भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।



बांधाबाजार (दावा)। नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बांधाबाजार में मां दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित किया गया।

# पहला कॉलम...

## ग्राम माटराखुज्जी में गणपति स्थापना एवं नवरात्रि महापर्व महोत्सव

राजेश मेश्राम



जोंधरा (दावा)। ग्राम माटराखुज्जी विकासखण्ड छुरिया में 22 सितंबर को गणपति स्थापना एवं नवरात्रि महापर्व महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू पहुँचकर भगवान गणपति एवं नवरात्रि पर्व के जयघोष के साथ पुष्प अर्पित किए तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शान्ति, समृद्धि की कामना किए। विधायक साहू जी ने समस्त ग्रामवासियों को नवरात्रि पर्व की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनांए दिए तथा स्वागत भेंट के लिए उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किए। इस शुभ अवसर पर अब्दुल खान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कुमर्दा, रामायण सिंह, निर्मल सिन्हा, भक्तु रावटे, गिरवर चुनेन्द्र, ब्रमगिरी गोस्वामी, भागवत प्रसाद, श्रीमती सुखवारो बाई, राधा बाई, मोतिन बाई, कुमारी बाई, लिकेश्वरी बाई एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आबकारी एक्ट के तहत 20 पौवा देशी शराब जप्त



### फरार आरोपी पवन गौली गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही किया गया। मुखबीर की सूचना पर कल आरोपी पवन गौली पिता मोहन गौली उम्र- 28 साल निवासी बुधवारी पारा द्वारा अपने मकान के कोठा में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही में आरोपी को भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। आरोपी के मकान के कोठा एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के कोठा में 14 पौवा देशी मसाला एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 34 पौवा देशी शराब जप्त किया गया। मुखबीर सूचना मिला की आरोपी पवन गौली आपने घर के पास घुम रहा था जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार का न्यायालय में ज्यु. रिमांड पर भेजा गया है।

## मुढ़ीपार में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 27 को

डोंगरगढ़(दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम मुढ़ीपार मे 27 सितम्बर शनिवार को जय माँ सरस्वती युवा समिति व समस्त ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवशीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे सामूहिक वर्ग मे प्रथम पुरुस्कार 15001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001, पंचम 2001, षष्टम 1501, सप्तम 1001 व युगल वर्ग मे प्रथम पुरुस्कार 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001, पंचम 701रु रखा गया है। वही एकल वर्ग मे प्रथम पुरुस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1001रु., चतुर्थ 701, पंचम 501रु रखा गया है। समिति के पुष्पेंद्र साहू ने बताया इस प्रतियोगिता मे प्रवेश शुल्क सामूहिक वर्ग हेतु 301, युगल वर्ग 201 व एकल वर्ग के लिए 101रु रखा गया है। बताया गया कि इसी दिन मुढ़ीपार क्षेत्र के दैहान, घोटिया, ईटार, जंगलपुर, गोपालपुर, पेंड्रीकला मे भी रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## 'सड़क सुरक्षा-हेलमेट जागरुकता' पर कार्यक्रम



हरदी (दावा)। दुपहिया वाहन चलाते समय मानव जीवन के लिए हेलमेट की आवश्यकता को समझाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट के वाहन चलाते समय दुर्घटना से होने वाले नुकसान को आंकड़ों के माध्यम से समझाया। सिर पर होने वाले चोट से व्यक्ति पूर्णतः दिव्यांग या फिर उसकी मृत्यु भी हो सकती है। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी ने 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को वाहन न चलाने की सलाह देते हुए सड़क संकेतकों के बारे में बताया। ढ्रस्ढ्ढ मार्क वाले हेलमेट का उपयोग करते हुए गाड़ी की गति को हमेशा नियंत्रण में रखना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि सभी चौक में लगे संकेतकों का पालन करना चाहिए। वाहन चालक खुद तो हेलमेट पहने साथ ही यदि कोई पीछे बैठा हो तो उसे भी हेलमेट पहनने की सलाह दी। कक्षा 12 वी से मयंक, मोहित, साक्षी, रोशन, डेविड एवं उपासना ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, वेद प्रकाश साहू, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।

# मिशन संडे ने आरोपों को बताया निराधार, कहा आरोप लगाने वाले पहले खुद की जांच करें

(यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू')




खैरागढ़ (दावा)। मिशन संडे ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। प्रेस वार्ता में मिशन संडे के संयोजक मनराखन देवांगन ने देवराज किशोर दास पर तंज कसते हुए कहा कि कमीशनखोरों की बासी कहानी को अखबार में छपवाकर मिशन संडे को बदनाम करने की कोशिश की गई लेकिन सच हमेशा आइना दिखाता है।

देवांगन ने कहा कि बिना सबूत के लगाए गए आरोप कमीशन संडे जैसी भाषा और गढ़ी हुई कहानियां जनता को गुमराह करने की असफल कोशिश हैं। मिशन संडे पर आरोप मढ़ने वाले खुद प्रेस वार्ता से नदारद रहे। सवाल ये उठता है कि अगर सबूत था, तो सामने क्यों नहीं रखा, इससे साफ होता है, कि यह सब व्यक्तिगत रंजिश और कमीशन बंद होने की खुन्नस है। मनराखन देवांगन ने कहा की देवराज किशोर द्वारा मिशन सन्डे के ऊपर झूठा आरोप लगाने पर अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस जारी कर जवाब माँगा जायेगा। संतुष्टपूर्वक जवाब नहीं मिलने पर माननीय न्यालय मे उनके विरुद्ध परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। मिशन संडे द्वारा कलेक्टर के समक्ष डॉ. समीर की नियुक्ति 31 मार्च 2025 को समाप्त होने के उपरांत भी शासन द्वारा बिना नियुक्ति आदेश जारी किये। नौकरी करने पर शिकायत की गई थी। जिस पर कलेक्टर के द्वारा पांच डॉक्टर की विशेष टीम गठित की गई थी। जिसमें जाँच व कार्यवाही से बचने के लिए लोगों का झूठा सिंपैथी बटोरने इस्तीफा देना मात्र एक नाटक है।

### कांग्रेस की कर्मठ टीम पर उंगली उठाने वाले ये निष्क्रिय नेता खुद भाजपा की छतरी तले ठंडी छांव तलाश रहे हैं

### आर्थिक और मानसिक परेशानी की देन है डॉ. समीर रजक का इस्तीफा, न की मिशन संडे का दबाव

मनराखन देवांगन ने स्पष्ट किया,कि डॉ समीर रजक का इस्तीफा आर्थिक और मानसिक परेशानी की देन है, न कि मिशन संडे का दबाव। बल्कि असलियत यह है, कि देवराज एंड कंपनी द्वारा रजक पर निजी सोनोग्राफी सेंटर भेजने का दबाव बनाकर मोटी रकम की कमीशनखोरी चलती रही जो इस्तीफे के बाद ठप पड़ गई। अब कमीशन की धार सूख गई है, तो झूठे आरोपों का बाढ़ लाना स्वाभाविक है।

### मिशन संडे जनता का मंच है

मनराखन देवांगन ने कहा कि मिशन संडे खैरागढ़ विधानसभा की लोकप्रिय और दूसरे बार की विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के निर्देशन में बना जनता का मंच है जो जनता के मुद्दे उठाकर हल कर रहा है। यही कारण है कि कुर्सी से चिपके निष्क्रिय नेता बौखलाकर बिना तथ्य प्रेस वार्ता कर रहे हैं।

### जिलाध्यक्ष को पहले अपने घर का आइना देखना चाहिए

उन्होंने जिलाध्यक्ष पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि जिनका भाई भाजपा का मंडल अध्यक्ष और बहू भाजपा की पूर्व जनपद सदस्य रही हो उन्हें पहले अपने घर का आईना देखना चाहिए, फिर कांग्रेस को ज्ञान देना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने आज तक न तो भाजपा के खिलाफ मुंह खोला न कोई आंदोलन किया।।कांग्रेस की कमजोरी की असली वजह यही मौनधारी नेता हैं। लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इनके ही गृह ग्राम में लगभग 200 वोटों से अधिक से पराजित हुए थे।

### शहर अध्यक्ष कभी वार्ड की गलियों तक नहीं पहुंचे

शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ पर कटाक्ष करते हुए मनराखन देवांगन ने कहा 10 साल से कुर्सी की जड़ पकड़कर बैठे हैं लेकिन कभी वार्ड की गली तक नहीं पहुंचे। भाजपा के खिलाफ शून्य बयान, जनता के पक्ष में शून्य आंदोलन और कार्यकर्ताओं के लिए शून्य संवाद यही उनकी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि छाजेड़ की खुन्नस की असली वजह है,कि विधायक की फर्म में काम से हटाने से, तब से मिशन संडे उनके गले की हड्डी बन गया है।

### ग्रामीण अध्यक्ष पर वार, जिन्हें संगठन चलाना था, वे नगद वसूली समिति चला रहे

ग्रामीण अध्यक्ष पर वार करते हुए देवांगन बोले जिन्हें संगठन चलाना था, वे खुद वसूली समिति चला रहे हैं। जालबांधा, मड़ोदा, अतरिया, भोरमपुर, उदयपुर और सलोनी जैसी समितियों से लाखों की वसूली हुई, लेकिन नियुक्तियां आज तक अधूरी हैं और पैसे गायब। ऐसे में भ्रष्टाचारियों के आरोप मिशन संडे पर लगना हास्यास्पद है।

अंत में मनराखन देवांगन ने कहा जनता सब देख रही है। कांग्रेस की कर्मठ टीम पर उंगली उठाने वाले ये निष्क्रिय नेता खुद भाजपा की छतरी तले ठंडी छांव तलाश रहे हैं। जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष को कांग्रेसी और जनता पूछ रही है, कि आप जनता की मुद्दे को क्यों नहीं उठा रहे हैं तथा अपनी निष्क्रियता को छुपाने के लिए जो कार्य संगठन को करना चाहिए वह कार्य को मिशन संडे कर रही है, जिससे चीड कर मिशन संडे की शिकायत कर रहे है। मिशन संडे जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष इन्हें हटाने की मांग करेगा ताकि संगठन से कमीशनखोरी का वायरस बाहर हो सके और विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत हो सके।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन अछोली में संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम का आयोजन अछोली स्थित शासकीय स्वास्थ्य केंद्र द्वारा किया गया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए प्रेरणादायक विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की 94 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से कम्प्यूटर विभाग की श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने छात्राओं का नेतृत्व किया।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित किया कार्यक्रम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता एवं समाजसेवी श्रीमती संध्या देशपांडे ने मंच की शोभा बढ़ाई। साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ ÷छत्तीसगढ़ महतारी÷ के वंदन गीत से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पारंपरिक तिलक एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शुभी खान ने कुशलतापूर्वक किया, वहीं डॉ. शुचिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। अंत में सभी उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को स्वस्थ शरीर की शपथ दिलाई गई।

### नारी को केवल मानसिक या शारीरिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त होने की आवश्यकता है - विधायक श्रीमती बघेल

मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज की नारी को केवल मानसिक या शारीरिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त होने की आवश्यकता है ताकि वह हर परिस्थिति में अपने परिवार को संभाल सके। श्रीमती संध्या देशपांडे ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की चिंता करनी चाहिए और दिनचर्या में से कम से कम 10 मिनट स्वयं के लिए निकालना चाहिए। श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि डिग्री केवल विवाह के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक है। पढ़ा-लिखा होना महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाता है।

# उपकार सिंह बघेल एलबी नगर मंडल महामंत्री नियुक्त



डोंगरगढ़ (दावा)। सरपंच संघ के अध्यक्ष व एलबी नगर मंडल के महामंत्री कैलाश उके प्रकरण में जिला भाजपा संगठन और आदिवासी समाज के मध्य चल रहे विवाद के बीच एक नाटकीय घटनाक्रम में अनेक विवादों से घिरे सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके को एलबी नगर मंडल महामंत्री के पद से हटाकर तत्काल प्रभाव से भाजपा के युवा नेता उपकार सिंह बघेल को एलबी नगर मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी एवं एलबी नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे के हस्ताक्षर से जारी किए गए घोषणा पत्र में कहा गया है कि,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने लाल बहादुर नगर मंडल महामंत्री कैलाश ऊके के स्थान पर उपकार सिंह बघेल को मंडल महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की है।श्री बघेल की नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं का जताया गया आभार

अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त मंडल महामंत्री उपकार सिंह बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,महामंत्री सौरभ कोठारी वरिष्ठ भाजपा नेता भरत वर्मा, एलबी नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

# ग्राम दानीटोला व लालूटोला (कु) में रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दानीटोला व लालूटोला (कु) में रामधुनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य व जनपद सदस्य हरिला चंद्रवंशी व पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र नायक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।ग्राम वासियों के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव व अतिथियो का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलें। हमें चाहिए कि हम सभी अपने जीवन में मर्यादा का पालन करें और सदैव धर्म के रास्ते पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएं। धर्ममय वातावरण में कथाओं के माध्यम से प्रभु श्रीराम नाम की महिमा जनमानस को बताई जाती है। इसे सुनने मात्र से हमारे अंतर्मन में भक्ति का संचार हो जाता है। भक्ति मय जीवन प्राप्ति के लिए हमें प्रभु के चरणों में रहने के लिए सदैव स्मरण करते रहना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने सभी को नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी व पूरे क्षेत्रवासियों व ग्रामवासी की खुशहाली की कामना की। साथ ही इस अवसर पर ईश्वर निर्मलकर, पलटुराम साहू, हिरूराम साहू, दिनेश महला, नकुल सोरी, मुकेश यदु, कौशल चंद्रवंशी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम कोपेडीह-मगरलोटा पहुँच मार्ग जर्जर स्थिति को पुनः निर्माण कराने कलेक्टर से लगाई गुहार



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टेड पहुंच कर ग्राम कोपेडीह मगरलोटा मार्ग जो कि सोमनाथ यादव घर से मगरलोटा आबादी पारा तक लगभग 1.5 किलोमीटर का क्षेत्र अत्याधिक जर्जेर हो गया है, जगह-जगह पर गड्डे है, जिसके कारण मोटर सायकल और वाहनों के पलटने का डर रहता है, बारिश के दिनों में पूरा रोड गड्डो के कारण पानी से भर जाता है बाकी दिनों में धुल और पत्थर उड़ते है, जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटना घटित हो रहा है, समय के साथ स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है, रास्ते पर प्रतिदिन स्कूली बच्चो का बस, स्कुल वैन एवं सायकल के माध्यम से आना जाना रहता है श्रमिक वर्ग जो की प्रायः सायकल और मोटर सायकल से प्रतिदिन कंपनी में कार्य के लिए आवाजाही करते हैं, इस रोड की वजह से आम जीवन बहुत ही अव्यवस्थित हो गया है, रोड की वजह से आर्थिक मानसिक और शारीरिक नुकसान क्षेत्रवासियों को झेलनी पड़ रही है, दुर्घटनाओ की वजह से लोग को हड्डी फेक्कर, नस संबंधी, साँस संबंधी बीमारी हो रही है रोड बनाने के लिए पिछले 8 सालो से मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन का विषय में गंभीरता नहीं दिखाने से लोगो में जनआक्रोश उत्पन्न हो रहा है, अतः महोदय जी निवेदन है की संबंधित विभाग से जल्द से जल्द जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए कोपेडीह मगरलोटा मार्ग का पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग कलेक्टर से किया। कलेक्टर को ज्ञापन सौपते परस साहू, राजेश यादव, संतोष साहू, कोमल साहू, गौकरण साहू टिकेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा 2025 के अवसर पर नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के बहुउद्देशीय भवन में निःशुल्क स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण जनसेवी कार्यक्रम की पहल नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष छविधर साहू, तथा नगर पंचायत के समस्त सभापति एवं पार्षदों के द्वारा की गई। शिविर में दंत रोग, चर्म रोग, हड्डी रोग सहित अन्य विशेषज्ञ विभागों की जांच टीम ने नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की। यह आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बहादुर नगर एवं शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ।

शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी अरुण कुमार साहू, दलनायक रितेश पटेल, उपदलनायक डेकेश्वर, उपदल नायिका लता यादव, एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी सुश्री सोनल नागवंशी सहित महाविद्यालय टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। रक्तदान शिविर को सहयोग प्रदान करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग लाल बहादुर नगर, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ़ एवं ब्लड बैंक राजनांदगांव की टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर सामाजिक सेवा भाव का परिचय दिया। स्वयंसेवकों द्वारा 'स्वस्थ नारी - स्वस्थ परिवार' अभियान की शपथ ली गई तथा मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाया गया। इस सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों प्रो. मनोहर बोकड़े, डॉ. श्रीमती हेमलता गायकवाड़, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, सीमा एक्का, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, कामिनी वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस आयोजन ने सेवा, स्वास्थ्य और समाज के प्रति जनजागरूकता को सशक्त किया है।

# कबड्डी खेल से एकाग्रता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है -संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के वनांचल के ग्राम मोरकुटंब में युवा मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया था,इस कार्यक्रम के समापन अवसर के मुख्यतिथि जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी खेल खेलने से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तीनों तरह के फायदे मिलते हैं। मुख्य लाभ इस प्रकार हैं शारीरिक लाभ ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है। शरीर में लचीलापन आता है। तेज़ दौड़ने और छलांग लगाने की क्षमता विकसित होती है। फेफड़ों और दिल की कार्यक्षमता बेहतर होती है क्योंकि इसमें साँस रोककर खेलना पड़ता है। मोटापा, डायबिटीज़ और हृदय रोग जैसी समस्याओं का खतरा कम होता है। मानसिक लाभ एकाग्रता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है। तनाव कम होता है और मन प्रसन्न रहता है। सामाजिक लाभ टीम भावना और सहयोग की आदत पड़ती है। अनुशासन और नियमों का पालन करना सीखते हैं।ग्रामीण और शहरी स्तर पर लोगों को जोड़ने का माध्यम बनता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने का अवसर मिलता है। इस तरह कबड्डी खेल संपूर्ण व्यायाम है, जिसमें शरीर और मन दोनों का संतुलित विकास होता है।

इस कार्यक्रम को अशोक मरकाम महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मायाराम साहू, हरदेव कतलाम, ज्ञानसिंह शोरी, अशोक सेन, मोनेश साहू, सरपंच, उपसरपंच, जयसिंह पटेल सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने योजना के तहत पात्र छात्राओं का निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन करने के दिए निर्देश

**शासकीय महाविद्यालय छुरिया का किया औचक निरीक्षक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया प्रवास के दौरान शासकीय महाविद्यालय छुरिया का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के लिए महाविद्यालय में अभी तक प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के संबंध में जानकारी देने कहा। इसके लिए छात्राओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों से शीघ्र आवेदन आमंत्रित कर योजना से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने महाविद्यालय में पात्रता रखने वाले छात्राओं का निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्राएं सुमित्रा और संतोषी से बातचीत कर अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना की जानकारी दी और शीघ्र आवेदन करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन 30 सितम्बर तक कर सकते हैं। इस योजना के तहत छात्राओं को 30 हजार रूपए वार्षिक स्कॉलरशिप मिलेगा। जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।



0 कलेक्टर ने बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्राएं सुमित्रा और संतोषी से बातचीत कर अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना की दी जानकारी
0 योजना से पात्र छात्राओं को मिलेगा 30 हजार रूपए वार्षिक स्कॉलरशिप

उल्लेखनीय है कि जो छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/ azim-premji-scholarship/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन कर भी आवेदन किया जा सकता है।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं को नियमित विद्यार्थी के रूप में शासकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नियमित विद्यार्थी के रूप में किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष डिग्री व डिप्लोमा में प्रवेश लिया हो। महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों का परीक्षा पाठ्यक्रम 2 से 5 वर्ष का हो। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात केवल प्रथम डिग्री व डिप्लोमा के पाठ्यक्रम में ही पात्र होंगे। छात्रवृत्ति छात्राओं के लिए 30 हजार रूपए वार्षिक पूरे पाठ्यक्रम की अवधि 2 से 5 वर्ष तक रहेगी। कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई राज्य के सरकार स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो।

# ईपीएस 95 के पेंशनर्स राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे

राजनांदगांव (दावा)। देश के ईपीएस-95 पेंशनर्स को केन्द्र/राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों/सहकारी एवं मीडिया सहित निजी संस्थानों में 30 से 35 वर्ष सेवा करने के उपरांत व पेंशन फंड में रु. 417 रु. 541 रु., 1250 रूपये अंशदान करने के बाद भी औसतन मात्र रु. 1170 मासिक पेंशन मिलती है।

महंगाई चाहे जितनी भी बड़े लेकिन पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं होती। पिछले 9 वर्षो से ईपीएस-95 पेंशनर्स न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी के लिये संघर्ष कर रहे हैं। जिसमें प्रमुख मांगें हैं न्यूनतम पेंशन रु.7500 मासिक एवं उस पर महंगाई भत्ता, पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा एवं सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 04.10.2016 व 04.11.2022 के निर्णय अनुसार सभी को समान रूप से उच्च पेंशन लाभ। देशभर में सड़क से लेकर संसद तक शांतिपूर्ण आंदोलन करने एवं केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिये जाने के बावजूद अभी तक पेंशन बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की गई है। 200-250 पेंशनर प्रतिदिन आर्थिक बदहाली तथा मेडिकल सुविधा न मिलने के कारण असमय काल का ग्रास बनते जा रहे हैं। जिस कारण देशभर के 78 लाख पेंशनर्स में रोष व्याप्त है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन/सरकार के उदासीनता पूर्वक रवैये के विरोध में 26 सितंबर 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय एवं सांसद लोकसभा राजनांदगांव एवं दिनांक 25 सितंबर 2025 को ईपी एफओ/पेंशन कार्यालय, पंडरी, रायपुर में पेंशनर्स राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री एवं श्रममंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे ताकि सरकार पर दबाव बनाकर दिनांक 11 व 12 अक्टूबर 2025 को होने वाली केन्द्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) बैंगलोर मीटिंग में मिनिमम पेंशन को बढ़ाकर रु.7500 व महंगाई भत्ते से जोड़ने का प्रस्ताव मंजूर हो सके तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय अनुसार बिना भेदभाव के सभी पेंशनर्स को उच्च पेंशन लाभ का प्रस्ताव मंजूर किया जाये। उपरोक्त जानकारी ईपीएस 95 पेंशनर्स संघर्ष समिति की जिला राजनांदगांव ईकाई के महासचिव मो. फारूख ने दी।

## बच्ची के साथ रेप फिर हत्या की कोशिश, बड़े पिता पर गंभीर आरोप

बालोद (दावा)। गुरूर थाना क्षेत्र से एक भयावह मामला सामने आया है। 9 साल की एक बच्ची ने अपने बड़े पिताजी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी बच्ची को दुर्गा प्रतिमा देखने के बहाने जंगल ले गया और वहां उसकी हत्या करने की कोशिश भी की। बच्ची ने घटना के बाद घर लौटकर परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन तुरंत पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने बच्ची की शिकायत के आधार पर आरोपी बड़े पिताजी को हिरासत में ले लिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

# कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह:शिक्षा और समाज उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक पहल

राजनांदगाव (दावा)। ग्राम जादूटोला विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी, जिला मोहला-मानपुर। जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन, जिला मोहला-मानपुर अम्बागढ़ चौकी के तत्वावधान में ग्राम जादूटोला की पावन धरती पर कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा, समाज और संस्कृति-तीनों ही क्षेत्रों में नई ऊर्जा और चेतना का संदेश देने वाला साबित हुआ।



### सम्मानित हुए 160 से अधिक प्रतिभागी

समारोह में 100 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। यह सम्मान न केवल उनके परिश्रम का गौरव है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। इसके अतिरिक्त 40 शिक्षकगणों को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। शिक्षक समाज के मेरुदंड होते हैं, और इस सम्मान ने उनकी भूमिका की महत्ता को पुनः रेखांकित किया। इसी क्रम में 20 प्रबुद्ध जनों को भी उनके सामाजिक कार्यों और समाज-उत्थान में सक्रिय भूमिका के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

0 मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एफ.एल. मंडलोई, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रहे। विशिष्ट अतिथियों में डी.एल. नेताम (सेवानिवृत्त रेंजर), विनोद कुमार मंडावी (प्राचार्य गैदाटोला), एस.एल. खोब्रागड़े (प्राचार्य जादूटोला), श्रीमती सुकारों विष्णु नेताम (सरपंच जादूटोला), अशोक ध्रुव, मनहरण पिथौरा (संरक्षक, जनजाति विकास संगठन), चिन्ताराम नायक (समाजसेवी), नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र कोड़ापे (अध्यक्ष, जनजाति विकास संगठन) तथा लेकेश्वर ठाकुर (उपाध्यक्ष, संगठन) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अतिथियों के उद्बोधन-शिक्षा और संस्कार की महत्ता पर बल

समारोह के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए शिक्षा और कैरियर गाइडेंस की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। नीलकंठ कोमरे ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन केवल सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने और समाज को नई सोच देने का माध्यम है। मनहरण पिथौरा ने जनजातीय समाज की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और संगठनात्मक एकता ही समाज के वास्तविक उत्थान की आधारशिला है। मोरध्वज सोनवानी ने खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए राष्ट्रीय खेलों में जनजातीय युवाओं की भागीदारी पर बल दिया। विनोद कुमार मंडलोई ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को धैर्य, अनुशासन और कठिन परिश्रम के महत्व को समझाया।

### मुख्य अतिथि एफ.एल. मंडलोई ने कहा-

'कैरियर गाइडेंस जीवन की दिशा तय करने में सहायक है। यदि विद्यार्थी इस मार्गदर्शन को आत्मसात करें तो वे किसी भी मुकाम तक पहुँच सकते हैं। लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन ही सबसे बड़ा हथियार है।'

### समाज की भागीदारी और कार्यक्रम की सफलता

इस आयोजन की सफलता में पूरे समाज की सक्रिय भागीदारी रही। लेखराम ठाकुर, रतन ठाकुर, यादव राम मंडावी, बुधराम पाण्डेरोई, किरण मंडावी, विष्णु नेताम, मनोज नेताम, छबल नेताम, बिसनाथ नेताम, राजू निर्मल, गोपीकृष्ण सिन्हा, भगत उइके, अरुण यादव, चंद्रशेखर, प्रफुल भंडारी, नीलकंठ कोमरे, मनोज चंद्रवंशी, उमेश कुमार यादव सहित विद्यालय परिवार और समाज के प्रबुद्ध जनों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। यह समारोह केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और समाज उत्थान की त्रिवेणी को जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक प्रयास रहा। इसने यह स्पष्ट कर दिया कि जब समाज, शिक्षा और संस्कृति मिलकर कार्य करते हैं, तभी एक नई पीढ़ी मजबूत बनती है और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होता है। मंच संचालन मनोज चंद्रवंशी एवं उमेश ने किया।

# सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्र संबलपुर, बड़गांव और परेवाडीह में नागरिकों को किया गया जागरूकता

**ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता और फसल चक्र परिवर्तन के लिए किया गया प्रेरित**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं से लाभान्वित किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के आदि सेवा केन्द्र ग्राम संबलपुर, बडग़ांव, परेवाडीह में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत नागरिकों को शासकीय योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं के साथ स्वच्छता, जल संरक्षण और फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से आदिवासी क्षेत्र के अंतिम छोर तक शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। जिले में आदि कर्मयोगी अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाएं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों में विकास के लिए जानकारी दी जा रही है। जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में मनाई गई अनागारिक-धम्मपाल जयंती

राजनांदगांव (दावा)। जिले की महिला सशक्तिकरण संघ पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त रूप से अनागारिक-धम्मपाल जयंती समारोह उल्लास के साथ राजनांदगांव के ह्दय स्थल धम्मकीर्ति बौद्ध विहार बसंतपुर में मनाई हैं। जिसमें सर्वप्रथम भारत की धरमी में जन्मे संत महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन त्रिशरण पंचशील से कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। 17 सितम्बर 1864 को श्रीलंका में जन्मे महान सपूत अनागारिक धम्मपाल भारत के जीर्णशीर्ण बौद्ध तीर्थो का जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने ही शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारत की ओर से विश्व के बौद्धों का प्रतिनिधित्व किया था। स्मरण रहे इसी सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद को अनागारिक धम्मपाल ने अपने मिले हुए समय में से पाँच मिनट का समय देकर स्वामी जी के भाषण पूर्ण करने में मदद की। आश्चर्य का विषय यह भी है कि दोनों वेशभूषा को देखकर अमेरिकावासी दंग रहे गए थे। ऐसे महापुरूष की 171 वीं जयंती मनाई गई। ईवी रामस्वामी पेरियार को भी याद किया उन्होंने सच्ची रामायण और महिलाओं को गुलाम क्यों बनाये जैसे पुस्तकों की रचना की। जाति विहीन, वैज्ञानिक चेतना के लिए कार्य, शोषण के परे समाज के निर्माण के लिए इस बहुमुखी प्रतिभा के धनी योद्धा को याद किया।



कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने अपने उद्बोधन में अनागारिक धम्मपाल के बौद्ध धर्म के एवं समाज के प्रति किए गए कार्यो को बताया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण संघ के सदस्य एवं धम्मकीर्ति बौद्ध विहार बसंतपुर के उपासक एवं उपासिका सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष बुद्धिमित्रा वासनिक ने किया। कार्यक्रम का आभार माया खोब्रागढ़े द्वारा किया गया। महाबोधि-महाविहार, बोधगया मुक्ति आंदोलन एवं बी.टी.एक्ट 1949 रद्द करने के लिए हजारों की संख्या में हस्ताक्षर कर महाबोधि-महाविहार आंदोलन का समर्थन करने की अपील की गई। एवं हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में देवीनंदा मेश्राम प्रदेश उपाध्यक्ष, माया वासनिक प्रदेशसचिव, लक्ष्मा गजभिए अध्यक्ष बसंतपुर, हर्षिका गजभिए उपाध्यक्ष जिला, वंदिता गजभिए, शारदा मेश्राम सभी ने बारी-बारी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में निर्मला वासनिक, मीना श्रीरंगे, सरला नोन्हारे, वंदना बोरकर, सुनीता बारसे, राजेश्वरी मेश्राम, सुरेखा सहारे, उषा बंसोड़, किरण रामटेके, मैनाबती नोन्हारे, भानुमति रामटेके, शांति चौहान, संगीता श्रीरंगे, डिलेश्वरी रामटेके, लखन लाल गजभिए आदि उपस्थित थे। यह जानकारी बुद्धिमित्रा वासनिक द्वारा दी गई।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जनसामान्य के लिए लाभकारी

**पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगने से घर में मिला सुकून**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर न केवल अपने बिजली बिल से मुक्ति पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पन्न कर अतिरिक्त लाभ कमा रहे हैं।



राजनांदगांव शहर के लेबर कॉलोनी निवासी अंशुमन झा ने बताया कि उन्होंने नवम्बर 2024 में अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया। इस पर करीब 1 लाख 98 हजार रूपए की लागत आयी। जिसमें से उन्हें शासन की ओर से 78 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ। शेष राशि के लिए उन्हें 6 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक लोन भी मिला। उन्होंने बताया कि पहले उनका मासिक बिजली बिल 1200 से 1500 रूपए आता था, जो गर्मियों में 2500 से 3000 रूपए से तक हो जाता था, लेकिन सोलर पैनल लगाने के बाद से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य आ रहा है। इतना ही नहीं, अब तक लगभग 3200 रूपए मूल्य की अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भी जमा कर चुके है। जिसका उपयोग वो भविष्य में कर सकते है। उन्होंने कहा कि जब से सोलर पैनल हमारे घर में लगा है, तब से लाइट बंद होने की समस्या से राहत मिली है। अब हमारी पढ़ाई-लिखाई में कोई रूकावट नहीं होती और घर में भी सभी सुकून से सो पाते है। घर के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान भी सुचारू रूप से कार्य करते हैं। श्री अंशुमन झा ने बताया कि हाल ही में राज्य सरकार ने भी 15 से 30 हजार रूपए तक का अतिरिक्त अनुदान देने की घोषणा की है। जिससे हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिलेगा। यह योजना आम जनता के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और आम नागरिकों से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा-दाता बनने की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की।

## शेष प्रथम का

**रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध की....**

लेकिन मेरे लिए असली पुरस्कार वे बेटे और बेटियां होंगे जो अपने माता-पिता के साथ बड़े होंगे क्योंकि लाखों लोग अब अंतहीन और अपमानजनक युद्धों में नहीं मारे जा रहे हैं। मुझे पुरस्कार जीतने की नहीं, बल्कि जान बचाने की परवाह है। हमने सात युद्धों में लाखों लोगों की जान बचाई। और हमारे पास और भी हैं जिन पर हम काम कर रहे हैं। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में अपार क्षमता है। लेकिन यह उस क्षमता के करीब भी नहीं पहुंच पा रहा है। कम से कम अभी तो ऐसा लगता है कि वे बस एक बहुत ही कड़े शब्दों वाला पत्र लिखते हैं और फिर उस पर अमल नहीं करते। संयुक्त राष्ट्र खोखला हो गया और खोखले शब्दों से युद्ध हल नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र को युद्धों को समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र हमारे लिए नहीं है। अगर सदस्य देश इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने को तैयार हों, तो इस संगठन में काफी ताकत है। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा कि फलस्तीनी देश को मान्यता देना हमास के लिए बहुत बड़ी बात होगी। जो लोग शांति चाहते हैं, उन्हें सबसे पहले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना चाहिए। गाजा में युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए। सभी 20 बंधकों को बिना किसी देरी के रिहा किया जाए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था सबसे मजबूत है। हमारी सीमाएं सबसे मजबूत हैं। सेना सबसे मजबूत है और दोस्ती मजबूत है। ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका स्वर्णिम युग है। उन्होंने कहा कि अमेरिका व्यापार करने के लिए पृथ्वी पर सबसे अच्छा देश है। अमेरिका को पहले की तरह फिर से सम्मान मिल रहा है। ट्रंप ने कहा कि परमाणु हथियार वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। राष्ट्रपति ट्रंप ने भाषण शुरू किया तो टेलीप्रॉम्पटर खराब हो गया। इस पर ट्रंप बोले कि उन्हें बिना टेलीप्रॉम्प्टर के बोलने में कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी इस टेलीप्रॉम्प्टर को चला रहा है। वह बड़ी मुसीबत में है।

**71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025: बेस्ट एक्टर....**

शाहरुख खान को अपने 30 साल के फिल्मी करियर में पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उन्हें फिल्म जवान में उनके अभिनय के लिए पहला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्होंने यह पुरस्कार विक्रांत मैसी के साथ साझा किया, जिन्हें उनकी फिल्म 12वीं फेल के लिए सम्मानित किया गया। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025 में बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दें, रानी मुखर्जी को हिंदी सिनेमा में 29 साल हो चुके हैं और अब तक के करियर में उनका ये पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है।

**सीएम साय ने करेली बड़ी से 51 महतारी.....**

प्रसाधन एवं बोरवेल का निर्माण कराया गया है. महतारी सदन के लोकार्पण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की महिला स्व-सहायता समूह की 2 लाख सदस्य महिलाएं वर्चुअल रूप से शामिल हुई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य में ग्राम पंचायतों महतारी सदन का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है. इस योजना के तहत राज्य में द्वितीय चरण में वर्ष 2025-26 अंतर्गत कुल 166 महतारी सदन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 50 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है. द्वितीय चरण में निर्मित होने वाले प्रत्येक महतारी सदन की लागत 30 लाख रुपए है.

**भारत में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा....**

भारतीय नेताओं को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि चीन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किसे खरीदते हैं, जब तक कि उससे उनका मकसद पूरा होता रहे। डॉ. सांगे ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में अपना दबदबा कायम करने के लिए भारत को घेरना चाहता है। इसलिए वह मालदीव, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल की मदद कर रहा है और उनसे घनिष्ठता बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वह भारत पर हमला करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ यूएन में प्रस्तावों को भी रोकता है। इंटरव्यू में उन्होंने भारत और चीन के बीच व्यापार घाटे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत चीन से 113 अरब डॉलर का सामान खरीदता है, लेकिन उसे केवल 14 अरब डॉलर का सामान बेचता है। इसका मतलब है कि भारत में कम फैक्ट्रियां होंगी, कम उत्पादन होगा और कम नौकरियां होंगी।

**हम स्कूल प्रिंसिपल जैसा नहीं..:हाईकोर्ट....**

चंद्र शर्मा की बेंच ने मानहानि मामले को आपराधिक अपराध की श्रेणी से हटाए जाने की वकालत की है। कोर्ट ने यह टिप्पणी JNU के पूर्व प्रोफेसर अमिता सिंह द्वारा 2016 में दायर मानहानि मामले की सुनवाई करते हुए किया है। प्रोफेसर ने एक मीडिया संस्थान पर बिना तथ्यों की पुष्टि किए आपत्तिजनक रिपोर्ट प्रकाशित करने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवाद को लेकर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने यह फैसला SARFAESI Act की धारा 13(8) के तहत सुनाया। कहा, नीलामी प्रमाण-पत्र या नोटिस जारी होने के बाद उधारकर्ता उस पर अपना अधिकार नहीं जता सकता। यह निर्णय उन मामलों पर भी लागू होगा, जिनमें कर्ज पहले लिया गया था, लेकिन 1 सितंबर 2016 के बाद डिफॉल्ट हुआ।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्रवाई, ईडी ने.....**

के तुरंत बाद, सत्येंद्र कुमार जैन के करीबी सहयोगी और बेनामी अंकुश जैन और वैभव जैन ने आय प्रकटीकरण योजना (आईडीएस), 2016 के तहत अग्रिम कर के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा, भोगल शाखा में 7.44 करोड़ रुपये नकद जमा किए। मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इन्फोसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के खातों में 2011-2016 के बीच प्राप्त 16.53 करोड़ रुपये की राशि का खुलासा हुआ, जबकि इन संस्थाओं का स्वामित्व और नियंत्रण सत्येंद्र कुमार जैन के पास था। आयकर विभाग और दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंकुश जैन और वैभव जैन को सत्येंद्र कुमार जैन के बेनामी धारक माना।

सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी विशेष अनुमति याचिकाओं और समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया और इस निष्कर्ष को अंतिम घोषित कर दिया। यह जानकारी ईडी द्वारा पीएमएलए, 2002 की धारा 66(2) के तहत सीबीआई के साथ साझा की गई थी। साझा की गई जानकारी के आधार पर, सीबीआई ने मामले की आगे जांच की। बाद में एक पूरक आरोप पत्र दायर किया गया, जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सत्येंद्र कुमार जैन द्वारा अर्जित अनुपातहीन संपत्ति का विवरण बढ़ाया गया।

सीबीआई के पूरक आरोपपत्र के बाद, ईडी ने अब 7.44 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की पहचान कर उन्हें कुर्क कर लिया है। इस प्रकार, इस मामले में अब तक ईडी द्वारा कुर्क की गई कुल अपराध आय 12.25 करोड़ रुपये (4.81 करोड़ रुपये + 7.44 करोड़ रुपये) है, जो सत्येंद्र कुमार जैन द्वारा अर्जित आय से अधिक संपत्ति का 100 प्रतिशत है, जो उनके स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों में अचल संपत्तियों के रूप में है। इस मामले में जल्द ही पीएमएलए, 2002 के तहत एक पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज की जाएगी। इस मामले की सुनवाई राउज़ एवेन्यू कोर्ट, नई दिल्ली में चल रही है।

**कोलकाता में भारी बारिश का कहर....**

बांकुरा जिलों में 24 सितंबर तक तेज बरसात हो सकती है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। बीजेपी ने मानिकतला में जलभराव का वीडियो शेयर कर सरकार पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर लिखा-दुर्गा पूजा उत्सव शुरू होने वाला है, लेकिन कोलकाता की बेहद खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण पूजा पंडाल पानी में डूब गए। सीपीएम के शासनकाल में वर्षों की अराजकता और टीएमसी राज में 15 साल के भ्रष्टाचार ने बंगालियों को उनके सबसे बड़े त्योहार में भी कष्ट सहने पर मजबूर कर दिया है।

**23 महीने बाद जेल से निकले आजम....**

को देखकर सुबह सवा सात बजे एएसपी उत्तरी आलोक सिंह पूरे दल बल के साथ जिला कारागार पहुंचे। शहर कोतवाली, रामकोट, खैराबाद, सकरन, बिसवां संग कुल आठ थानों से फोर्स जिला कारागार के बाहर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने समर्थकों से जेल के बाहर न खड़े होने को कहा। इसके बावजूद जेल के बाहर आजम के समर्थक उनके बाहर निकलने का इंतजार करते नजर आए। वहीं, आजम खां के दोनों पुत्र पूर्व विधाक अनूप गुप्ता के आवास पर रुके रहे।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां की जेल से रिहाई पर प्रसन्नता व्यक्त की और कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि आजम खां साहब को न्याय मिला है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाए थे, जिन्हें अदालत ने खारिज किया।मंगलवार को हजरतगंज लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां और समाजवादी पार्टी ने लंबे समय तक पार्टी के संस्थापक नेताजी के मार्गदर्शन में भाजपा के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आजम खां पर लगे सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे, ठीक उसी तरह जैसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उपमुख्यमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के मुकदमे वापस लिए।

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का केसीजी जिले में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत




खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार जिले में पहुंचे गुरू खुशवंत साहेब का भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ज़ोरदार स्वागत किया।

### जिले में हुआ भव्य स्वागत

गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत जिले के तीन प्रमुख स्थान गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ में किया गया। भाजपा जिला कार्यालय खैरागढ़ (पिपरिया) में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से मंत्री का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले के विकास की अपार संभावनाओं पर विश्वास जताया।

### विकास को नहीं होने देंगे बाधित: खुशवंत साहेब

अपने संबोधन में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लगातार केसीजी जिले में आते रहेंगे और यहां के हर विकास कार्य पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे खैरागढ़ विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह के साथ मिलकर जिले की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुँचाएंगे। मंत्री ने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्का मकान का सपना साकार हुआ है। साथ ही हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रदान किया जा रहा है जिससे महिलाओं का सम्मान हुआ है।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भी किया संबोधित

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भी मंच से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के हर नागरिक के हित में कार्य कर रही है और आने वाले समय में केसीजी जिला प्रदेश के विकास मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की रही भारी उपस्थिति

इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला उपाध्यक्ष टीके चंदेल, जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, पुष्पा वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, अरुणा बनाफर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, पार्षद देवीन कोठले, देवकुमार सेन हरप्रसाद वर्मा, आकेश बर्मन, श्यामसुंदर साहू, दिलेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ।



# मुक्ताकाशी मंच पर कवि सम्मेलन सोल्लास सम्पन्न

### मां तो बस मां होती है - विजय मिश्रा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के साथ ही साथ सेवा पखवाड़ा के मौके पर मुक्ताकाशी मंच में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में मीर अली मीर, रामानंद त्रिपाठी, मयंक शर्मा, भरत द्विवेदी, भव्या सूर्या, अन्नपूर्णा पवार, सोम प्रभा तिवारी, रिकी बिंदास, शशि भूषण स्नेही, और अभिषेक पांडेय के काव्य पाठ से श्रोतागण साहित्य के विभिन्न रसों से सराबोर हुए। कवि सम्मेलन के आरंभ में विजय मिश्रा 'अमित' ने मां पर केंद्रित कविता पाठ करते हुए कहा 'मां के माथे पर तेरी मेरी की नाम पट्टिका मत लगाना। इससे मां बदनाम होती है, मां तेरी मेरी नहीं बस मां होती है'। सम्मेलन की समाप्ति पर संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी युगल तिवारी ने कवियों का सम्मान राजकीय गमछा, स्मृति चिन्ह भेंट करके किया।

# बालक आदिवासी छात्रावास बजरंगपुर नवागांव के निगरानी समिति के अध्यक्ष के लिए गेमु कुंजाम मनोनित

राजनांदगांव(दावा)। परियोजना बालक आदिवासी छात्रावास बजरंगपुर नवागांव के निगरानी समिति के अध्यक्ष के लिए गेमु कुंजाम को मनोनीत किया गया है।

ज्ञात हो कि गेमु कुंजाम भाजपा के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता है, भाजपा के द्वारा दिए हुए सभी दायित्व को बखूभी निभाया है। वर्तमान में कुंजाम जी उत्तर मंडल कार्यकारिणी सदस्य और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश सचिव है, छात्रावास में रहने वाले बालकों के हितों के संरक्षण और संवर्धन के लिए समस्त छात्रावास में यह निगरानी समिति का गठन किया गया है। पिछले कुछ सालों से कुंजाम जी के द्वारा अनेक कार्य किए गए है, फलस्वरूप उन्हें उसके कार्य को देखते हुए छात्रावास का अध्यक्ष नियुक्त किया किया है।



नियुक्ति के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह अपने इस नवीन दायित्व का पूर्णरूपेण पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे, बच्चों की पढ़ाई आवासीय परिसर की सफाई एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधा सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होगी। एसटी एससी बच्चे अपने घरों से निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने यहां रहकर पढ़ाई कर रहे है इसलिए बच्चों को अच्छी गुणवत्ता पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ बच्चों को यहां पर किसी प्रकार की तकलीफ न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कुंजाम जी के छात्रावास निगरानी समिति के अध्यक्ष नियुक्ति होने पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, बजरंगपुर नवागांव वरिष्ठ पार्षद सावन वर्मा और उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया ने बधाई प्रेषित की है।

# कुमार साहू भोलापुर परिक्षेत्र साहू समिति के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए

छुरिया (दावा)। तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी सुकृत साहू संयोजक कबीर मंच तहसील छुरिया एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी किशून साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील छुरिया के द्वारा दिनांक 21 सितम्बर दिन रविवार को मां कर्मा भवन भोलापुर परिक्षेत्र भोलापुर में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कुमार साहू को निर्विरोध अध्यक्ष, तेजालाल साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती रामकुमारी साहू उपाध्यक्ष, जागृतदास साहू संगठन सचिव, श्रीमती तेजबती साहू संगठन सचिव पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरण के बाद कार्यकारिणी गठन के बाद शपथ दिलाया गया। परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुमार साहू द्वारा शीशुपाल साहू संरक्षक, श्यामलाल साहू संरक्षक, दुकालू साहू सलाहकार, मंगल साहू सलाहकार, ललित साहू सचिव, मुनीम साहू कोषाध्यक्ष एवं पितांबर साहू अंकेक्षक, हिरूराम साहू उपकोषाध्यक्ष, सीताराम साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ, हृदयराम साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ, लक्ष्मीनारायण साहू संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ, ताराचंद साहू संयोजक किसान प्रकोष्ठ, विष्णु साहू संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ, रामलाल साहू संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, अमरनाथ साहू संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, श्रीमती हितेश्वरी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, घनश्याम साहू संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर हेतराम साहू, फत्तूलाल साहू, उमराव साहू, बनरजिया साहू, पंचराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष भोलापुर, राजेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष झालाटोला, रामलाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष बैरागीभेडी, नारद साहू ग्रामीण अध्यक्ष दीवानटोला, शिव साहू ग्रामीण अध्यक्ष घुपसाल, नंदकुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष जरहामाहका, पलटन साहू ग्रामीण अध्यक्ष पुर्रामटोला, अशोक साहू ग्रामीण अध्यक्ष पांडेटोला, तोरण साहू खिलावन साहू, भूखन साहू, नरेंद्र साहू, रामजी साहू, खेमलाल साहू, फूलचंद साहू, मनीराम साहू, फूलचंद साहू, डोमन साहू, श्रीमती आंतीबाई साहू, महेश्वरी साहू, अमेरिका बाई साहू, दुखवाराम, तिजूराम, नवनिर्वाचित पदाधिकारी को सामाजिक बंधुओं द्वारा गुलाल लगाकर जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ऊर्जा संरक्षण संगोष्ठी




हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में ऊर्जा संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें ऊर्जा के परम्परागत व गैर परंपरागत तथा नवीकरणीय व अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने बताया कि एक निश्चित समय पश्चात अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों के भण्डार समाप्त हो जाएंगे। जैसे पेट्रोलियम, कोयला आदि। ऐसे में हमें जल, पवन और सौर ऊर्जा की उपयोगिता बढ़ानी है जिनका नवीनीकरण किया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्याख्याता रेशमी साहू व हेपशीबा एंथोनी ने ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी खपत को कम करते हुए निर्भरता को खत्म करने की बात कही। साथ ही बचत करने के कुछ सामान्य तरीके बताए गए।

यूथ एण्ड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि ऊर्जा की खपत को कम करना ही उसके संरक्षण का सही तरीका है। इसके लिए हमें गैर जरूरी चीजों की खपत कम करनी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में टीएल देवांगन, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, वेद प्रकाश साहू उपस्थित थे।

# घने जंगल पहाड़ी पाठ बाबा मंदिर मनगटा जंगल में 298 दीप प्रज्वलित



### नौ दिनों तक माता भक्ति में डूबे रहेंगे लोग

राजनांदगांव (दावा)। जिले से लगभग 20 किलोमीटर दूर घने जंगल के बीच बसे पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति ग्राम जोरातराई, मनगटा जंगल, स्टेशन मुढ़ीपार में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

बाबा महाकाल के भव्य प्रतिमा शीश से निकलते जलधारा की मधुर ध्वनि और देवी की उपस्थिति भक्तों को अपनी ओर खींच रही है। इस साल भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मनोकामना दीप प्रज्वलित कर रहे हैं पहाड़ी पाठ समिति में इस वर्ष मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है घने जंगल में प्राकृतिक रूप से घिरे होने के कारण यहां भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं मान्यता है कि घने जंगल में भगवान भोलेनाथ शिव शंकर मुंडी पेड़ के नीचे स्वयंभू प्रगट हुए थे जो हर साल भक्तों की भीड़ इसके दर्शन के लिए बढ़ रहे हैं और बाबा महाकाल भक्तों की मनोकामना को पूरी करती है यही कारण है कि यहां हर साल भक्तों की भीड़ बढ़ रही है।

पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति के पुजारी संतोष कुमार शर्मा एवं समिति अध्यक्ष व पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई संतोष कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष 298 दीप प्रज्वलित की गई है। पहाड़ी पाठ मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, उपाध्यक्ष नरसिंह साहू, सचिव सुदामा लाल साहू, कोषाध्यक्ष रामलाल साहू, सहसचिव पुरुषोत्तम कुमार साहू, संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, संरक्षक शिवलाल चक्रधारी, संरक्षक डॉक्टर जी एस राजपूत सहित क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

# विश्वविद्यालय में स्वर सेतु सांगीतिक कार्यक्रम की हुई शानदार प्रस्तुति



देवर्षि एवं पुष्कर की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कुलपति प्रो.(डॉ.)लवली शर्मा के संरक्षण में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं आई.टी.सी. संगीत रिसर्च एकेडमी कोलकाता के संयुक्त तत्त्वावधान में 'स्वर सेतु' संगीतिक संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें पूर्व प्रोफेसर पं. मुकुंद नारायण भाले, प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ला, प्रो. डॉ. नमन दत्त और डॉ. लिकेश्वर वर्मा उपस्थित रहे। पहली प्रस्तुति में वायलिन वादक पुष्कर भागवत ने तबला संगीतकार अशोक मुखर्जी के साथ राग शुद्ध कल्याण एवं देश प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी प्रस्तुति में आई.टी.सी. संगीत अनुसंधान अकादमी कोलकाता के शास्त्रीय गायक देबोश्री भट्टाचार्जी ने राग पूरिया में विलंबित, मध्य एवं द्रुत लय की मनमोहक प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम का समापन राग सोहिनी से किया। जिनके साथ तबले पर अशोक मुखर्जी और हारमोनियम पर ज्योतिर्मोय बनर्जी ने संगति प्रदान की।

दोनों ही कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। सांगीतिक कार्यक्रम से पहले विश्वविद्यालय में संपन्न हुए फिट इंडिया अभियान के तहत 3 दिन के राष्ट्रीय खेल दिवस में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया।

इस आयोजन में मंच सज्जा एवं स्वागत में डॉ. हरिओम हरि, रोहिणी साहू और विशाली कुमारी, मंच व्यवस्था में विवेक नवरे, डॉ. दिवाकर कश्यप और डॉ. शिवनारायण मोरे का योगदान था। मंच संचालन सुप्रीति मलिक व वर्षिता शुक्ला ने किया। अन्य व्यवस्थाओं में डॉ. ईशान दुबे, डॉ. पुनीत पटेल, ऋषभ मिस्त्री, डॉ. कविता व योगेन्द्र सिंह ठाकुर, पुलकित कुशवाहा तथा मयंक बिसेन किशन दास महंत सहित अनेक सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम का संचालन संगीत संकाय के सहायक प्राध्यापक जगदेव नेताम ने किया। अंत में संयोजक डॉ. लिकेश्वर वर्मा ने कुलपति महोदया प्रो. डॉ. लवली शर्मा, कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी और मार्गदर्शक प्रो. डॉ. नमन दत्त सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। 'स्वर सेतु' कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन की रजत जयंती वर्ष का हिस्सा बनकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरा और नवाचार का प्रेरणादायी सेतु सिद्ध हुआ।

# सपूत वीर सिपाही को पूर्व सैनिक ने श्रद्धांजलि अर्पित किया



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ बस्तर का वीर सपूत वीर सिपाही मणिपुर में सैनिक उग्रवादी कार्यवाही के दौरान वीरगति को प्राप्त ऐसे वीर शहीद 'रंजित सिंह कश्यप' का पार्थिव शरीर आज शाम 6:30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचा। श्रद्धांजलि देने के लिए स्टेशन हेडक्वार्टर के द्वारा पूरी व्यवस्था एयरपोर्ट में किया गया। श्रद्धांजलि देने हेतु स्टेशन हेडक्वार्टर कोसा से उनके अधिकारी एवं स्टाफ, सिविल प्रशासनिक अधिकारी पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की तरफ से की तरफ से प्रदेश संरक्षक पवन कुमार निषाद, कांकेर से रवि साहू ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सृजन, परिश्रम और समर्पण का मार्ग को अपनाना चाहिए-किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव राज मिस्त्री संघ ग्राम भर्रीटोला ब द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई। साथ ही पूजा अर्चना कर सभी की सुख समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जयंती या विश्वकर्मा पूजा भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है, जिन्हें दुनिया का डिजाइनर माना जाता है। उन्होंने द्वारका के पवित्र शहर का निर्माण किया जिस पर श्रीकृष्ण का शासन था। भगवान विश्वकर्मा ने भी देवताओं के लिए कई हथियार बनाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने सृष्टि के प्रथम अभियंता, वास्तुकार और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी व उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सृजन, परिश्रम और समर्पण का मार्ग अपनाने को कहा गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य राधिका चंद्रवंशी, सरपंच समेबाई पडौती, सरपंच गुरूचरण कतलाम, सीताराम धावडे, राजकुमार निषाद, पवन यादव, लेखराम निर्मलकर, बुधारूराम पडौती, दयाराम चन्द्रवंशी, मानिक चन्द्रवंशी, रेवाराम लाडेकर, आशाराम कंवर, बलेश्वर कंवर, शिवेंद्र सिंह समेत ग्रामवासी व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# टिकरापारा वार्ड में पानी की किल्लत खत्म, महिलाओं ने मिशन संडे टीम का किया आभार

खैरागढ़ (दावा)। मिशन संडे टीम के नेतृत्व में टिकरापारा वार्डवासियों विशेषकर महिलाओं ने नगर पालिका का घेराव कर पानी की समस्या को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था।

इस दौरान पालिका के सामने मटका फोड़कर चेतावनी दी गई थी और सीएमओ को ज्ञापन भी सौंपा गया था। ज्ञापन के बाद पालिका प्रशासन ने तीन दिन का अल्टीमेटम लेकर समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और वार्ड में पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराई गई। खराब हुई बोर को रिपेयर कराया गया और अन्य सुधारात्मक कार्य भी किए गए। जिससे पानी की किल्लत दूर हो गई। इसी खुशी में सोमवार 22 सितम्बर को वार्ड की महिलाओं ने मिशन संडे टीम को आमंत्रित कर आभार व्यक्त किया।।



संयोजक मनराखन देवांगन ने टीम के साथ घर-घर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वार्डों की समस्याओं को लेकर मिशन संडे हमेशा सजग और तत्पर है। साथ ही खंभों में बंद पड़ी लाइट सुधारने के लिए वहीं से पालिका अधिकारि से दूरभाष पर बात कर तत्काल समाधान की पहल की। मिशन संडे की टीम न केवल मूलभूत सुविधाओं बल्कि अन्य वार्ड स्तरीय समस्याओं पर भी लगातार काम कर रही है।। इस अवसर पर दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, महेश यादव, सूर्यकान्त यादव, शेखर दास वैष्णव, राहुल बंजारे, रामगोपाल वर्मा, राजा लहरे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय एक्वाथलन चयन प्रतियोगिता में छवि शर्मा ने दिखाया दमखम



भोपाल में नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ ट्रायथलान एसोसिएशन के सौजन्य से रविवार 21 सितम्बर को राज्य स्तरीय एक्वाथलन सब जूनियर और जूनियर चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सुबह 9 बजे से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कुल 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सब जूनियर वर्ग में 350 मीटर स्विमिंग और 3 किलोमीटर रनिंग का आयोजन किया गया, वहीं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने 750 मीटर स्वीमिंग और 5 किलोमीटर रनिंग पूरी की। सब जूनियर बालिका वर्ग में राजनांदगांव की छवि शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। छवि शर्मा नीरज स्कूल पेंड्री की कक्षा 8वीं ब की छात्रा हैं। छवि शर्मा अधिवक्ता नरेश कुमार शर्मा की पुत्री है और उन्हें राजनांदगांव के प्रशिक्षक यशवंत सिन्हा ट्रेनिंग देते हैं। प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में खिरोसिंध नायक ने प्रथम और अंश चंद्राकर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में सिद्धिक्षा बागड़वाल प्रथम और छवि शर्मा द्वितीय रहीं। जूनियर बालक वर्ग में तुषार साहू (राजनांदगांव) ने प्रथम और अक्ष चंद्राकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आज के मुख्य अतिथि खिलेश्वर चंद्राकर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में अतिथि व्याख्यान




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, राजनांदगांव के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था 'सिक्स सिग्माः प्रक्रिया उत्कृष्टता की एक विधि', जिसमें विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रक्रिया प्रबंधन और व्यावसायिक दक्षता के सिद्धांतों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। जागेश्वर साहू, सहायक प्राध्यापक, प्रिज्म स्कूल ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप, भिलाई (छ.ग.)। उन्होंने सिक्स सिग्मा की प्रमुख अवधारणाओं विशेषकर डीएमएआईसी (डिफाईन मीजर एनालिज, इम्प्रूव, कन्ट्रोल) प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह पद्धति व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने, त्रुटियों को कम करने और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने में सहायक होती है।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'कॉन्फ्लूएंस कॉलेज का प्रयास है कि हम उद्योग विशेषज्ञों को छात्रों से जोड़ें, जिससे उनकी समझ केवल पुस्तकीय न रहकर व्यावहारिक भी हो।'

कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा व्याख्यान के मुख्य आयोजक सहा. प्रा. अभिषेक वैष्णव, सुश्री देविका देवांगन विभागाध्यक्ष वाणिज्य, सुश्री ऐश्वर्या श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष प्रबंधन, श्रीमति प्रिया गीते, सुश्री पूजा खंडेलवाल सहित सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

# मां बम्लेश्वरी के पदयात्री युवती को थार ने कुचला, हुई मौत

### लिटिया रोड में भी शहर का एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना का हुआ शिकार

### डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी रुट में नवरात्रि के पहले ही दिन सड़क दुर्घटना में हुई मौत



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व शक्ति आराधना का पर्व है लेकिन प्रशासन की बद इंतजामी के चलते सड़क हादसे में लोगों के प्राण हरण हो जा रहें। बता दें कि शारदेय नवरात्र पर्व व डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ उमड़ने वाली भीड़ व वहां लगने वाली नवरात्रि मेले को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने 1 हजार से अधिक पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई है। मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के लिए अंजोरा बायपास से राजनांदगांव शहर व डोंगरगढ़ तक जाने के लिए रुट तैयार किए गए हैं। अंजोरा से राजनांदगांव शहर तक की नेशनल हाईवे को पदयात्रियों की सुरक्षा व सुविधाओं के लिए वन-वे किया गया है। जगह-जगह बेरीकेट्स लगाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवान तैनात किए गए हैं इसके बाद भी मंगलवार 23 सितंबर की सुबह भिलाई से पदयात्रा करते हुए मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रही युवती को तेज रफ्तार थार चालक ने कुचल दिया। उक्त पदयात्री 21 वर्षीय युवती महिमा साहू की उपचार के दौर भिलाई में मौत हो गई।

### नवरात्रि के पहले दिन लिटिया में दुर्घटना

बता दें कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर आदि सहित बालोद, धमतरी, अर्जुंदा, गुंडरदेही आदि क्षेत्रों से आने वाले पदयात्री राजनांदगांव शहर होकर मोतीपुर सुकुलदैहान मुसरा होकर डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। प्रशासन द्वारा यह रुट तैयार किया गया है और पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई है। इस रुट में नवरात्रि के पहले ही दिन 22 सितंबर की शाम ग्राम लिटिया के पास शहर का व्यक्ति सड़क दुर्घटना का शिकार हो कर मौत की मुंह समा गया।

सुकुलदैहान चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के लालबाग निवासी 59 वर्षीय गोपाल दास वर्ल्यानी रोजाना की तरह अपने बाइक में अपनी खेती-बाड़ी देखकर शाम को शहर लौट रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया या फिर मवेशी से टकरा दुर्घटना का शिकार हो गया। सड़क में उसके घसीटे जाने के निशान नजर आ रहे हैं। पुलिस उक्त दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है।

### सड़क हादसे की शिकार हुई पदयात्री युवती

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई की 12 वीं की टॉपर रही 21 वर्षीय युवती महिमा साहू अपने साथियों के साथ पदयात्रा करते हैं मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने डोंगरगढ़ जा रही थी। सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम मनकी के पास नेशनल हाईवे में उसके पहुंचते ही एक तेज रफ्तार थार चालक ने उसे चपेट में ले लिया। घटना से बुरी तरह घायल हुई महिमा को 112 बुलाकर उपचार हेतु भिलाई सेक्टर-9 ले जाया गया लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमनी पुलिस ने आरोपी थार चालक को अपनी गिरफ्त में ले लिया है और थार को जब्त कर थाने में खड़ी कर दिया है। इस तरह देखा जाए तो नवरात्रि के दिनों में पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होते हुए भी मां बम्लेश्वरी रुट वाली सड़कें खून से लाल हो रहा है।

# राजनांदगांव रनर, सन ग्रुप का 16 नवंबर को भव्य हाफ मेराथन दौड़




**नेशनल लेवल पर आयोजित रनर ग्रुप के आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेंगे हर उम्र के प्रतिभागी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में राजनांदगांव रनर ग्रुप व सन ग्रुप द्वारा आगामी 16 नवंबर को विशाल हाफ मेराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। लोगो की स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए आयोजित किए जा रहे इस नेशनल लेवल के हाफ मेराथन? दौड़ व हर उम्र के लोग भाग ले सकते हैं। इस नेशनल लेवल के इस हाफ मैराथन दौड़ में प्रथम आने वाले पुरुष व महिला के लिए एक-एक लाख रुपए द्वितीय को 51 हजार तथा तृतीय को 31 हजार रुपए का इनाम रखा गया है। उपरोक्त हाफ मेराथन दौड़ के संबंध प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता आयोजित कर आयोजक आकाश चोपड़ा, सौरभ, जयेश, निकेत जैन, संजू गायधने आदि ने बताया कि इस हाफ मेराथन दौड़ में इंटरनेशनल स्तर के धावक भाग लेंगे। इसमें दौड़ आयोजन में पंजाब के सतीश गुजरान जी आ रहे हैं।

इस दौड़ में भाग लेने का शुल्क 1199 रुपए रखा गया है। राजनांदगांव के रनर सन ग्रुप द्वारा आयोजित इस नेशनल लेवल के दौड़ कार्यक्रम में लगभग 7 लाख रुपए की प्राइज मनी रखी गई है। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इस हाफ मेराथन दौड़ में हिस्सा लेने वाले धावक यदि 15 तक पंजीयन करा लेने पर उसे 200 रुपए का विशेष आफर दिया गया है। इस पर वे 999 रुपए पंजीयन शुल्क जमा कर सकते है। प्रेस वार्ता में बताया गया है राजनांदगांव रनर व सन ग्रुप द्वारा 16 सितंबर को आयोजित उक हाफ मेराथन दौड़ शहर के पद्मश्री आडिटोरियम से गौरव पथ तक होगी। इसकी रेस केटेगरी 5 किमी, 10 किमी व 21 किमी रखा गया है। बताया गया कि दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मैडल, चेस्ट नंबर (टाइमिंग चीप), नास्ता, ई-टाइमिंग (सर्टिफिकेट), मूडी बैग उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए 9179149996 से संपर्क किया जा सकता है।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन आज से जिले के प्रवास पर



**डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के करेंगे दर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 24 एवं 25 सितम्बर 2025 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 24 सितम्बर को दोपहर 2 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा पहुंचेंगे और स्कील डेव्लपमेंट विभाग द्वारा संचालित केन्द्र का निरीक्षण एवं प्रमाण-पत्र का वितरण करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष शाम 4 बजे ग्राम सांकरा से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 4.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेंगे एवं वन विभाग के माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे डोंगरगढ़ के विश्राम गृह पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 6.15 बजे विश्राम गृह से प्रस्थान कर शाम 6.20 बजे माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ पहुंचकर दर्शन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे तथा समय आरक्षित रहेंगा एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 25 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.5 बजे गांधी सभागृह म्युनिस्पल स्कूल मैदान राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं सेवा पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 12.50 बजे कार द्वारा स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेंगा।

विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे सिंधु भवन राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे। वे दोपहर 3.45 बजे सिंधु भवन राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।




# शहर का गंज लाईन 'तिरंगा चौक' बना 'प्राणघातक चौक'





**प्रात: 10 बजे के बाद भारी वाहनों का प्रवेश बंद... फिर कैसे हो रहा है प्रवेश ?**

**वाहनों के अवैध प्रवेश पर कब लगेगी लगाम, जवाब दे यातायात प्रभारी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर का मुख्य मार्ग व अति व्यस्ततम सड़क गंज लाइन 'तिरंगा चौक' में हर पल ध्वस्त होती यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। शहर में कितनों ही यातायात प्रभारी आए लेकिन गंज लाइन की यातायात व्यवस्था वे सुधार नहीं सके। इस लाइन में हर पर जाम होती यातायात को सुधारना यातायात विभाग वालों के लिए एक चैलेंज बना हुआ है।

दिन भर गाड़ियों की आवाजाही व उपर से सड़क में ही लोग अनलोड होती भारी वाहनें आने जाने वालों की रास्ता रोके रहती है। इससे जाम की स्थिति बन आती है, इसके बाद भी मजाल है कि कोई ट्रैफिक पुलिस वाला यहां नजर आए? बेचारे लोग जाम में फंसकर छटपटाते हुए रह जाते हैं। बता दें कि यहां गंज लाइन तिरंगा चौक में प्रतिदिन एक नहीं, दो नहीं कई-कई बार यातायात जाम होता है।

### शिकायत पर फोन नहीं उठाते यातायात प्रभारी

यातायात प्रमुख अजय कुमार खेस ने अपनी खुली आंखों से देखकर भी इस संबंध में शिकायत करने पर फोन तक नहीं उठाते। कंट्रोल रूम फोन नं. 07744-286622 में फोन करने पर प्राय: वह फोन बंद रहता है कभी-कभार लग गया तो कार्यवाही करने में काफी विलम्ब हो जाता है। शहर के सीनियर सिटीजन व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद बाफना ने जनहित की दृष्टि से जनसुरक्षा को गंभीरता से ध्यान देते हुए उच्चाधिकारियों से अपेक्षा कि है कि वे गंज लाइन से लेकर गंज चौक व तिरंगा चौक से लेकर भारत माता चौक की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने का प्रयास करें। ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न होवे। उन्होंने सवाल भी उठाया है कि जब गंज लाइन के तिरंगा चौक में प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है तो यहां मालवाहनों का प्रवेश कैसे होता है। उन्होंने कहा कि दिक्कत की बात यह कि यातायात की दृष्टि से अति व्यस्ततम क्षेत्र गंजलाइन तिरंगा चौक में ट्रेफिक पुलिस नहीं रहती, इसके चलते यहां की ट्रेफिक व्यवस्था बे-लगाम रहती है। लोग यहां पर ट्रैफिक पुलिस के तैनात नहीं होने को संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं। उन्होंने एसपी सहित नगर पुलिस अधीक्षक व यातायात प्रभारी से गंज लाइन तिरंगा चौक की रोजाना ध्वस्त होती यातायात व्यवस्था को शीघ्र ही सुधारने की मांग की है।

# मां ने विकलांग बेटे को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर मौत के घाट उतारा

### बेटे के शराब पीने व गाली गालौच करने से तंग आकर मां ने दिया घटना को दिया अंजाम



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की एक आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त महिला अपने विकलांग बेटे के आए दिन शराब पीकर गाली- गलौज करने से परेशान थी और उसने अपने विकलांग बेटे पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा कर जान से मार डाली। बताया जाता है कि उसने अपने बेटे को मारने के लिए दो दिन पूर्व से ही तैयारी कर ली थी।आरोपिया सुहागा बाई पति स्व0 आनंद राम उम्र 60 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री ने उसे जलाकर मारने हेतु 02 दिन पूर्व में प्लास्टिक बोटल में पेट्रोल खरीद कर रखी थी। पुलिस ने आरोपिया से घटना में प्रयुक्त माचिस की डिब्बी एवं पेट्रोल गंधयुक्त प्लास्टिक की बोटल को जप्त कर लिया है। थाना लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा घटना के 24 घण्टे के भीतर आरोपिया को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

### मृतक की पत्नी ने थाने में दी जानकारी

थाना प्रभारी श्री साहू ने घटना के संबंध में बताया कि प्रार्थियां हिना साहू पति विरेन्द्र साहू उम्र 35 साल निवसी अटल आवास पेण्ड्री ब्ला.नं. 46 में अपने पति विरेन्द्र साहू एवं सास सुहागा बाई एवं अपने दो बच्चों के साथ रहती है। प्रार्थियां हिना व पति विरेन्द्र दोनों पैर से दिव्यांग है जो बैसाखी के सहारे चलते है।

20 सितंबर को सुबह अटल आवास स्थित घर में उसकी सास सुहागा बाई साहू को उसका पति विरेन्द्र साहू लड़ाई झगड़ा गाली गलौज कर रहे थे, तब पत्नि द्वारा अपने पति व अपने सास को समझाईश देकर लगभग 9:45 बजे अपने दोनों बच्चों को स्कूल छोड़ने रेवाडीह गयी थी इसी बीच प्रार्थियां की सास सुहागा बाई के द्वारा अपने बेटे विरेन्द्र साहू के ऊपर पेट्रोल छिड़कर माचिस से आग लगाकर जला दिया एवं कमरा के बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। आस पडोस वाले चिल्लाने लगे तो उसने पानी लाकर विरेन्द्र साहू के शरीर में डाल दिया जिन्हें पडोसी व मृतक की पत्नी द्वारा आई 108 एम्बुलेंस को बुलाकर ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल ले गये। थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि प्रार्थिया की रिपोर्ट में थाना लालबाग में अपराध क्र. 439/25 धारा 109 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। उपचार के दौरान 22 को सितंबर आग से जले विरेन्द्र साहू की मृत्यु हो गयी। विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गयी। उक्त आरोपी मां अपने रिश्तेदार के यहां गांधी चौक राजनांदगांव स्थित अपने बहन दमाद के घर में मिलने पर उसे 23 सितंबर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर उन्होंने घटना कारित करना स्वीकार करते हुए बतायी कि वह अपने दिव्यांग पुत्र विरेन्द्र साहू के नशा करने व गाली गलौज करने से कई वर्षो से परेशान थी।

### घटना के दिन को फिर की गई गाली-गलौज

आरोपिया ने बताया कि 22 सितंबर को घर में सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ते समय वाहन तेज नहीं चलाने की बात अपने पुत्र विरेन्द्र साहू को बोलने पर मृतक विरेन्द्र साहू उसके साथ फिर से गाली गलौज करने लगा तथा मृतक की मां भी गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने घर में रखे पेट्रोल को अपने दिव्यांग पुत्र विरेन्द्र साहू के उपर छिड़कर माचिस से आग लगाकर जला दिया। आरोपी मां अपने पुत्र के व्यवहार से कई दिनों से परेशान होकर उन्हें जला कर मारने की योजना 2 दिन पूर्व ही कर ली थी।

# जीएसटी में 8 साल की लूट, अब दे रहे छूट - देशमुख



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री मोदी जी जीएसटी में सुधार कर दो स्लैब में लाकर जनता को उत्सव मनाने की बात कह रहे हैं मोदी जी कह रहे हैं कि मुंह मीठा कर लो अब जीएसटी में सुधार हो गया है अर्थव्यवस्था सुधरेगा, मोदी जी 8 सालों का क्या? जहां आपने जनता को लूटा, 8 सालों में 127 लाख करोड़ का टैक्स लेते थे पब्लिक से जिसमें मिडिल क्लास और गरीब से आप 123 लाख करोड़ टैक्स लेते थे और अमीरों से आप चार लाख करोड़ टैक्स लेते थे, लेकिन विकास के बात करने वाले 8 साल में देश को लूटकर आप विकास की गति को धीरे कर दिए अब कह रहे हैं देश को 47हजार 700 करोड रुपए का नुकसान हो रहा है लेकिन विकास की गति बढ़ेगी, मोदी जी जब नुकसान हो रहा है तो विकास की गति किस तरह से बढ़ेगी जनता को गुमराह कर रहे हैं आपने अपने ट्रंप की 50प्रतिशत टैरिफ लगाने के डर के बाद जीएसटी के स्लैब में सुधार किया देश के विकास की गति 8 सालों से थम गई है देश का युवा बेरोजगार हो चुका है देश का हॉस्पिटल मृत हो चुका है, देश की शिक्षा निम्न हो गई है कुपोषण का स्तर बढ़ गया है और आप देश को विकास की गति की ओर ले जा रहे है, ऐसा कह रहे हैं।

8 साल लूटने के बाद अब पब्लिक को कह रहे कि हम छूट दे रहे हैं 8 साल लूट के बाद छूट हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी कांग्रेस की टीम सारा विपक्ष आपसे बार-बार चिल्ला के कह रहा था यह जीएसटी जनता के हित का टैक्स नहीं है यह गब्बर सिंह टैक्स है तब आपकी आंख नहीं खुली अमेरिका का डंडा पढ़ते ही आप नींद से जाग गए, कब तक पब्लिक को लूटते रहेंगे आप, अगर इतनी ही फिक्र थी तब पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में ले लेते आज भारत देश को आपने आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया है देश के अर्थव्यवस्था, देश का लोकतंत्र चरमरा गया है। ऐसा प्रधानमंत्री पहली बार भारत देश में देखा जिन्होंने विदेश नीति में सफलता प्राप्त नही की जिसने आर्थिक स्थिति को खत्म कर दिया और देश को बर्बादी के कगार में छोड़ दिया है जागो जनता जागो उत्सव मनाने की फेर में कहीं लूट का शिकार न हो जाओ।

नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

# पटरी पार इलाके में बिजली जोन कार्यालय जल्द से जल्द खोलने की मांग, लोगों को फॉल्ट सुधार में देरी से भारी परेशानी

### बिजली गुल, लो-वोल्टेज और स्टाफ की कमी से परेशान जनता, कांग्रेस नेता आसिफ अली ने उठाई आवाज



राजनांदगांव(दावा)। पटरी पार क्षेत्र में रह रहे लोगों को बिजली कटौती, लो वोल्टेज और फॉल्ट सुधार में देरी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। बिजली समस्या से हलाकान जनता की पीड़ा को कांग्रेस के उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने स्वर देते हुए जल्द से जल्द बिजली कंपनी का जोन कार्यालय पटरी पार में खोलने की मांग की है। आसिफ अली ने कहा कि पटरी पार इलाकों में अक्सर बिजली की आंख-मिचौनी बनी रहती है। फॉल्ट या हादसे की सूचना देने पर बिजली विभाग का फोन नहीं उठता, और यदि उठता भी है तो स्टाफ की कमी का हवाला देकर टीम को भेजने में देरी की जाती है। नतीजतन क्षेत्र के लोगों को घंटों तक अंधेरे और गर्मी में रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सीमित कर्मचारियों के जिम्मे पूरा क्षेत्र होने के कारण शिकायत मिलने के बाद भी सुधार कार्य में घंटों का विलंब होता है। खासकर बारिश और गर्मी के मौसम में हालात और भी बिगड़ जाते हैं। बिजली जाने से घरों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई, व्यापारी वर्ग और छोटे उद्योगों का कामकाज भी प्रभावित होता है। हालांकि, आसिफ अली ने यह भी कहा कि चिखली सब स्टेशन में एटीपी मशीन लगने से बिजली बिल भुगतान में राहत मिली है। अब लोगों को कैलाश नगर या लालबाग नहीं जाना पड़ता। इसी तरह यदि पटरी पार में बिजली जोन कार्यालय खोल दिया जाए और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था हो, तो बिजली सुधार कार्य में तेजी आएगी और लोगों को राहत मिलेगी। आसिफ अली ने बताया कि यह मांग जनता की परेशानी को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि या बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने बिजलीकंपनी से जल्द निर्णय लेने की अपील की है।







# सागौन का लट्ठा सहित चार चक्का वाहन जप्त



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड में सागौन तस्करी का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर बोरतलाव वन परिक्षेत्र के ग्राम खरकाटोला में बीती रात वन विभाग के कर्मचारियों ने दबिश देकर तीन तस्करों को सागौन की सिल्लियों और औजारों सहित रंगे हाथ पकड़ा। मौके से एक चारपहिया वाहन के पकड़े जाने की बात सामने आई है। विभाग से संबंधित किसी भी अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया है।

# कैलाश ऊके भाजपा से निष्कासित



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने लाल बहादुर नगर मंडल महामंत्री कैलाश उईके द्वारा सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर तत्काल ही पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी कर दिया है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास की नीति को लेकर सर्व आदिवासी समाज के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है, कैलाश ऊके द्वारा समाज पर अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी को भाजपा ने गंभीरता से लिया और तत्काल मंडल महामंत्री को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

**किराये से देना है**

1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम रेंट पर देना है ।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

**भूखंड बेचना है**

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

**आवश्यकता है**

दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।



संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com